शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 176 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 22 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# बजट से पहले आज पेश होगा आर्थिक सर्वेक्षण-2024

## निर्मला सीतारमण बजट से पहले संसद में बजट-पूर्व दस्तावेज पेश करेंगी

**नई दिल्ली**

**2024-25** के पूर्ण बजट का इंतजार लगभग खत्म हो गया है क्योंकि केंद्र सरकार सोमवार को आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश होने से एक दिन पहले संसद में बजट-पूर्व दस्तावेज पेश करेंगी। वहीं संसद के मानसून सत्र के साथ अपना सातवां केंद्रीय बजट पेश करने के साथ ही निर्मला सीतारमण लगातार सात केंद्रीय बजट पेश करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने छह केंद्रीय बजट पेश किया था। जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में 1959 और 1964 के बीच पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। निर्मलासीतारमण ने मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी. चिदंबरम और यशवंत सिन्हा को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने पांच-पांच बजट पेश किए थे। आर्थिक सर्वेक्षण दस्तावेज, अर्थव्यवस्था की स्थिति और 2023-24 (अप्रैल-मार्च) के कई संकेतकों और चालू वर्ष के लिए कुछ दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देगा। सोमवार को पेश किया जाने वाला आर्थिक सर्वेक्षण दस्तावेज मंगलवार को पेश किए जाने वाले 2024-25 के वास्तविक बजट के स्वर और बनावट के बारे में भी कुछ जानकारी दे सकता है। जिसे वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग के आर्थिक प्रभाग की तरफ से और मुख्य आर्थिक सलाहकार की देखरेख में तैयार किया गया है।

**क्या होता है आर्थिक सर्वेक्षण?**

यह वार्षिक वित्तीय विवरण से पहले साल में एक बार प्रस्तुत किया जाने वाला एक विस्तृत दस्तावेज है। इस दस्तावेज में केंद्र सरकार के सभी महत्वपूर्ण विकासात्मक कार्यक्रम शामिल हैं। यह केंद्र सरकार की नीतिगत पहलों पर भी प्रकाश डालता है। जानकारी के मुताबिक पहला आर्थिक सर्वेक्षण 1950-51 में अस्तित्व में आया था, तब यह बजट दस्तावेजों का हिस्सा हुआ करता था। 1960 के दशक में, इसे बजट दस्तावेजों से अलग कर दिया गया और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले पेश किया गया। आर्थिक सर्वेक्षण की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता जिस पर कई लोगों की नजर होगी, वो इसका केंद्रीय विषय है। बता दें कि साल 2022 में, केंद्रीय विषय 'एजाइल अप्रोच' था, जिसमें कोविड-19 महामारी के झटके के लिए भारत की आर्थिक प्रतिक्रिया पर जोर दिया गया था। 2023 में, यह 'रिकवरी पूरी' था, जब अर्थव्यवस्था ने महामारी से प्रेरित संकुचन, रूसी-यूक्रेन संघर्ष और मुद्रास्फीति से व्यापक आधार पर रिकवरी की और महामारी-पूर्व विकास पथ पर चढ़ गई।



### हम अच्छा बजट लाएंगे, इसका सभी को इंतजार-किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली**

**सर्वदलीय** बैठक पर जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, हमारी चर्चा बहुत उपयोगी रही। मैं सभी दलों के फ्लोर नेताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने अच्छे सुझाव दिए हैं। इस बैठक में भाजपा समेत 44 दलों ने हिस्सा लिया। जिसमें 55 नेता शामिल हुए, इसमें रक्षा मंत्री, लोकसभा में हमारे उपनेता, राज्यसभा में नेता जिन्होंने आज बैठक की अध्यक्षता की, जेपी नड्डा भी बैठक में शामिल हुए।

### क्या है अर्थव्यवस्था की स्थिति?

**आर्थिक** सर्वेक्षण का डाटा और विश्लेषण आमतौर पर केंद्रीय बजट के लिए एक नीतिगत दृष्टिकोण प्रदान करता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी नवीनतम मौद्रिक नीति बैठक में चालू वर्ष 2024-25 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का पूर्वानुमान 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। घरेलू मांग की मजबूती ने पिछले कुछ सालों में अर्थव्यवस्था को 7 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर पर पहुंचा दिया है। वहीं अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपने नवीनतम पूर्वानुमान में 2024 के लिए भारत के विकास अनुमानों को पहले के 6.8 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है, जिससे देश उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना हुआ है। आईएमएफ ने पहले 2024 के लिए 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था, जिसे संशोधित कर 6.8 प्रतिशत और अब 7 प्रतिशत कर दिया है।




### बजट से पहले क्यों होती है हलवा समारोह?



**बजट** पेश होने से पहले एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम 'हलवा समारोह' होता है। बजट पेश होने से कुछ दिन पहले, सरकार में 'हलवा समारोह' आयोजित करने की परंपरा है, जो बजट दस्तावेज छपाई की शुरूआत का प्रतीक है। इस साल, 2024-25 के पूर्ण बजट के लिए बजट तैयारी प्रक्रिया के अंतिम चरण को चिह्नित करते हुए, हलवा समारोह 16 जुलाई को वित्त मंत्री सीतारमण, राज्य मंत्री पंकज चौधरी और सचिवों की उपस्थिति में नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बजट तैयारी और संकलन प्रक्रिया में शामिल अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद थे। हलवा समारोह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वित्त मंत्रालय में तालाबंदी की शुरूआत का भी प्रतीक है, जिसका अर्थ है कि किसी भी अधिकारी को मंत्रालय परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। संसद में वित्तीय दस्तावेज पेश किए जाने के बाद ही बजट टीम के सभी लोगों को बाहर जाने की अनुमति है। नॉर्थ ब्लॉक में स्थित बेसमेंट के अंदर केंद्रीय बजट की छपाई 1980 से एक स्थायी विशेषता रही है।

**आर्थिक सर्वेक्षण का महत्व क्या है?**

आर्थिक सर्वेक्षण का महत्व यह है कि यह देश की आर्थिक स्थिति को दिखाता है। आर्थिक सर्वेक्षण पैसे की आपूर्ति, बुनियादी ढांचे, कृषि और औद्योगिक उत्पादन, रोजगार, कीमतों, निर्यात, आयात, विदेशी मुद्रा भंडार के साथ-साथ अन्य प्रांसगिक आर्तिक कारकों का विश्लेषण करता है। यह दस्तावेज सरकार का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है, जो अर्थव्यवस्था की प्रमुख चिंताओं पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

### बिजली उत्पादन के लिए आपूर्ति पर्याप्त

**कोलकाता**

कोयला मंत्री ने स्पष्ट किया कि देश में बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र मांग को पूरा करने के लिए सूखे ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। देश में कोयले की कोई कमी नहीं है। वित्त वर्ष 2025 में अतिरिक्त 11 खदानों से उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। इसके अलावा, 65 गैर-परिचालन कोयला ब्लॉक विनियामक मंजूरी प्राप्त करने के विभिन्न चरणों में हैं, जो नौ राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, छत्तीसगढ़, गुजरात, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में वितरित हैं। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने बताया कि बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की कोई कमी नहीं है। केंद्र मांग को पूरा करने के लिए सूखे ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया और वाणिज्यिक खदानों की उत्पादकता में वृद्धि करके दीर्घकालिक मांग को पूरा किया जाएगा। कोयला और खान मंत्री किशन रेड्डी ने बताया, "हम सभी ताप विद्युत संयंत्रों को कोयला आपूर्ति कर रहे हैं। हमने आयात हुए कोयले पर आधारित संयंत्रों से अनुरोध किया है कि वे अपनी तकनीक बदलकर घरेलू ईंधन का उपयोग करें। देश में कोयले की कोई कमी नहीं है।" दरअसल, मानसून के मौसम में कोयले के उत्पादन में आमतौर पर बाधा आती है। उन्होंने कहा कि वाणिज्यिक खदानों से संबंधित कुछ तकनीकी मुद्दों का समाधान किया जा रहा है। घरेलू ताप विद्युत संयंत्रों के लिए 4 प्रतिशत आयातित कोयले के मिश्रण से संबंधित बिजली मंत्रालय की सलाह पर किशन रेड्डी ने कहा, कोल इंडिया सफलतापूर्वक उत्पादन बढ़ा रहा है, लेकिन मिश्रण की सलाह बिजली की मांग में अचानक वृद्धि के कारण ब्लैकआउट के जोखिम को कम करने के लिए दी गई है।

### महाराष्ट्र: 'आंदोलन तोड़ने का मिला है ठेका'

**मुंबई**

**महाराष्ट्र** के जालना जिले के अंतरवाली सरती में मराठा कोटा कार्यकर्ता मनोज जरांगे भूख हड़ताल पर बैठे हैं। दूसरे दिन उन्होंने भाजपा नेता एमएलसी को खूब खरीखोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि मराठा आंदोलन को तोड़ने का ठेका दिया गया है।

## बांग्लादेश में तनाव: भारतीय छात्रों की सुरक्षित निकासी में बीएसएफ ने की मदद

**कोलकाता**

**बांग्लादेश** में चल रहे छात्र विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर, जिसमें हिंसा और आगजनी बढ़ रही है, सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इंटरनेट को पूरी तरह से बंद कर दिया है। इस अशांति के बीच, बांग्लादेश में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे कई भारतीय, नेपाली और भूटानी छात्रों को उनके देश वापस भेजा जा रहा है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) दक्षिण बंगाल सीमान्त ने इन छात्रों की सुरक्षित वापसी की सुविधा के लिए आईसीपी पेट्रापोल, एलसीएस गेडे, घोजाडांगा और महादीपुर में विशेष सहायता डेस्क स्थापित किए हैं। अभी तक, बीएसएफ ने 572 भारतीय छात्रों, 133 नेपाली छात्रों और 4 भूटानी छात्रों की वापसी में सफलतापूर्वक सहायता की है। डीआईजी ए.के. आर्य ने पुष्टि की है कि बीएसएफ बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के साथ लगातार संपर्क में है। इस समन्वय ने रात के समय के संचालन के दौरान भी छात्रों की सुरक्षित निकासी सुनिश्चित की है। इस प्रक्रिया की दक्षता को और बढ़ाने के आईसीपी पेट्रापोल में इमिग्रेशन डेस्क अब 24/7 खुला रहेगा।




## संविधान की प्रति दिखाने से सच नहीं बदलेगा: अनुराग

**नई दिल्ली**

**आजकल** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी अपने हाथ में भारत के संविधान की प्रति लिए दिखते हैं। कई मौकों पर राहल के हाथ में संविधान की प्रति को देखा गया है। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर निशाना साधा है। अनुराग ठाकुर ने कहा, ह्यआजकल राहुल गांधी और कांग्रेसी नेता संविधान से अधिक प्रेम दिखा रहे हैं। संविधान की प्रति दिखाने और इसकी झूठी कसमें खाने से सच्चाई नहीं बदलेगी। अगर किसी ने संविधान का अपमान किया है, तो कांग्रेस और गांधी परिवार है।

**पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पर साधा निशाना**



अनुराग ठाकुर यहीं नहीं रुके, उन्होंने संविधान के मुद्दे पर पूर्व प्रधामंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी पर भी निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ह्य1975 में आपातकाल लगाकर पूरे विपक्ष को जेल में डालकर कांग्रेस ने संविधान ही बदल दिया। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने संविधान की आत्मा यानी प्रस्तावना को संविधान से ही अलग कर दिया था। संसद में पिछले सत्र में मैंने कांग्रेस नेताओं से पूछा था कि क्या उन्हें यह पता है कि संविधान की किताब में कितने पन्ने हैं। जिस संविधान की प्रति लेकर राहुल गांधी घूमते हैं, क्या उन्होंने उसकी प्रस्तावना भी पढ़ी है? इसमें कांग्रेस के संविधान विरोधी कृत्यों का जिक्र है।

**क्या राहुल गांधी इस विषय पर बोलेंगे?- ठाकुर**

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा, जिन्होंने संविधान भूमिका को लिखा, वे भारत में कानून के सर्वश्रेष्ठ जानकार थे। भूमिका में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील के के वेणुगोपाल ने लिखा है कि कांग्रेस सरकार न्यायपालिका को धमकाती थी और अंजाम भुगतने की धमकी भी देती थी। जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द कर दिया था तो उन्होंने देश में आपातकाल लागू कर दिया। मैं राहुल गांधी से कहना चाहता हूं कि क्या आप इस विषय पर बोलेंगे? भारतीय जनता पार्टी सांसद के अनुसार, कांग्रेस ने समय समय पर संविधान में संशोधन किए और देश पर आपातकाल थोपा।

## चंद्रयान-3 को मिलेगा विश्व अंतरिक्ष सम्मान



### इटली में 14 अक्तूबर को दिया जाएगा पुरस्कार

**मुंबई**

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर इतिहास बनाने और दुनियाभर में भारत का परचम लहराने वाले चंद्रयान-3 को विश्व अंतरिक्ष सम्मान से नवाजा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ ने पुरस्कार की घोषणा करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि है। चंद्रयान-3 को यह पुरस्कार 14 अक्तूबर को इटली के मिलान में होने वाले 75वें अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री सम्मेलन के दौरान दिया जाएगा। चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफल लैंडिंग की थी।

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष यात्री महासंघ ने कहा कि भारत के अलावा अब तक अमेरिका, रूस और चीन ने चंद्रमा पर लैंडिंग की है। वहीं इसरो का मिशन चंद्रयान 3 वैज्ञानिक प्रयोग और लागत प्रभावी इंजीनियरिंग का अनूठा उदाहरण है। यह भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण की विशाल क्षमता का प्रतीक है। फेडरेशन ने कहा कि चंद्रयान -3 ने चंद्रमा की संरचना और भूविज्ञान के अनदेखे पहलुओं को उजागर किया। यह मिशन नए प्रयोगों के लिए वैश्विक उपलब्धि है। चंद्रयान 3 ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। इसका प्रपल्शन मॉडल परमाणु प्रोद्यौगिकी द्वारा संचालित था जो अंतरिक्ष और परमाणु क्षेत्र के बीच सफल समन्वय था।

**भारत ने रचा था इतिहास**

भारत की तरफ से भेजे गए चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा की दक्षिणी सतह पर सफल लैंडिंग की थी। देश के इतिहास में यह गौरव का क्षण था।

## तो क्या अब देश के हर कंप्यूटर में होगा 'माया'?

**नई दिल्ली**

**दो दिन** पहले माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड आउटेज की वजह से पूरी दुनिया की तकरीबन 70 फीसदी इंटरनेट आधारित व्यवस्थाएं पूरी तरह ठप हो गई थीं। ऐसा माइक्रोसॉफ्ट की एक सॉफ्टवेयर अपडेट की वजह से हुआ था। लेकिन इस क्राउडस्ट्राइक की वजह से समुचित दुनिया में सैकड़ों अरबों डॉलर का न सिर्फ नुकसान हुआ, बल्कि पूरी दुनिया के एक बड़े हिस्से में सब कुछ रुक गया था। आईटी और साइबर एक्सपर्ट्स की मानें, तो समुचित दुनिया में अभी भी 70 फीसदी ऑपरेटिंग सिस्टम माइक्रोसॉफ्ट के ही हैं। ऐसे में अब चर्चा यह शुरू हुई है कि क्या दुनिया के अलग-अलग मुल्क अपने ऑपरेटिंग सिस्टम को लॉन्च करेंगे। भारत में पहले से ही स्वदेशी ऑपरेटिंग सिस्टम माया को लॉन्च किया जा चुका है। हालांकि अभी यह पूरी तरह से लोगों में चर्चित नहीं हो पाया है और ना ही यह उतना फंक्शनल है। विशेषज्ञों की मानें तो यही सही वक्त है अपने ऑपरेटिंग सिस्टम को लॉन्च करने का। देश के साइबर एक्सपर्ट्स बताते हैं कि जिस तरीके से क्राउडस्ट्राइक ने समूची दुनिया में हाहाकार मचाया। उससे अब उन देशों के सामने अपने स्व निर्मित ऑपरेटिंग सिस्टम पर समूची इंडस्ट्री को लाने की तैयारियां शुरू हो गई हैं।



## भारत का छह सदस्यीय त्रि-सेवा प्रतिनिधिमंडल रूस रवाना, माउंट एल्ब्रस पर करेंगे चढ़ाई

**नई दिल्ली**

**लेफ्टिनेंट** कर्नल मनोज जोशी के नेतृत्व में छह सदस्यीय त्रि-सेवा प्रतिनिधिमंडल के साथ टीम इंडिया माउंट एल्ब्रस, रूस पर तीसरे 'सीआईएसएम क्लाइंबिंग फॉर द पीस' कार्यक्रम के लिए रवाना हुई। इस प्रतिनिधिमंडल में एक महिला पर्वतारोही भी शामिल है। माउंट एल्ब्रस यूरोप की सबसे ऊंची चोटी है। अधिकारी ने बताया कि पर्वतारोही लेफ्टिनेंट कमांडर सृष्टि ठाकुर भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। लेफ्टिनेंट ठाकुर 13 देशों की टीमों में एकमात्र महिला अधिकारी हैं, जो अंतरराष्ट्रीय खेल परिषद (सीआईएसएम) की ओर से आयोजित क्लाइंबिंग फॉर द पीस कार्यक्रम में भाग ले रही हैं।

## सरकारी कर्मचारी भी संघ की गतिविधियों में हो सकेंगे शामिल, हटा प्रतिबंध

**नई दिल्ली**

**गृह मंत्रालय** ने एक आदेश जारी करते हुए सरकारी कर्मचारियों के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की गतिविधियों में शामिल होने पर लगा प्रतिबंध हटा लिया है। इस आदेश में केंद्र सरकारों के द्वारा 1966, 1970 और 1980 के उन आदेशों में संशोधन किया गया है, जिनमें कुछ अन्य संस्थाओं के साथ-साथ आरएसएस की शाखाओं और अन्य गतिविधियों में शामिल होने पर सरकारी कर्मचारियों पर कड़े दंडात्मक प्रावधान लागू किए गए थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस आदेश का स्वागत किया है। दरअसल, आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय-समय पर सरकारी कर्मचारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। आरएसएस की गतिविधियों में शामिल होने पर कर्मचारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भी अनेक सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कार्रवाई करते हुए केंद्र सरकार ने नौ जुलाई को एक ऑर्डर जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी।




**संघ-बीजेपी में तनाव के बीच आदेश**

केंद्र सरकार ने यह आदेश ऐसे समय में जारी किया है, जब कथित तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा में कुछ तनातनी की खबरें आती रही हैं। कुछ लोगों का मानना है कि भाजपा के असहयोगात्मक रुख के कारण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने लोकसभा चुनाव में पर्याप्त सहयोग नहीं किया, जिसके कारण भाजपा को बहुमत से दूर रह जाना पड़ा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी कुछ दिन पूर्व ही ऐसी टिप्पणी की थी, जिसे केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना के रूप में देखा गया था।

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित सफलता न हासिल करने पर राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के नेता इंद्रेश कुमार ने भी जनता के द्वारा 'अहंकारी लोगों को सबक' सिखा दिए जाने की बात कही गई थी। उनकी यह टिप्पणी भी केंद्र सरकार के खिलाफ मानी गई थी। हालांकि बाद में उन्होंने भी अपने बयान से पल्ला झाड़ लिया था।

**संसद में हंगामा होने के आसार**

जिस तरह का इस समय माहौल चल रहा है, लोकसभा चुनावों में मजबूत होकर उभरा विपक्ष इस आदेश को लेकर केंद्र पर हमलावर रुख अपना सकता है। सोमवार 22 जुलाई से ही संसद का सत्र आगे बढ़ाया जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार द्वारा वर्तमान वित्त वर्ष के लिए बजट भी पेश किया जाने वाला है।

**प्रतिबंध बिल्कुल गलत- आरएसएस**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी राजीव तुली ने अमर उजाला से कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय स्वागत योग्य है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश के निर्माण में लगा हुआ संगठन है। यह पूरे देश में हर एक जगह पर काम करता है और समाज के किसी भी वर्ग से किसी प्रकार के भेदभाव के बिना इसमें सब के शामिल होने और राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने की आजादी रहती है। संगठन समाज के सभी वर्गों को केवल भारतीय होने की दृष्टि से देखता है और सब की भलाई के लिए एक समान रूप से कार्यरत रहता है।

# राजर्षि टंडन एप विकसित करेगा मुक्त विश्वविद्यालय: प्रोफेसर सत्यकाम

## एक क्लिक पर मिलेगी प्रवेश, परीक्षा तथा रिजल्ट की सूचना, कुलपति ने एक वृक्ष राजर्षि के नाम अभियान की शुरुआत की

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए यूपीआरटीओ एप विकसित करेगा। जिससे एक ही क्लिक पर नामांकित छात्र को प्रवेश से लेकर परीक्षा और परिणाम की सभी सूचनाएं प्राप्त होगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने गोरखपुर क्षेत्र केंद्र से संबंध अध्ययन केदो के समन्वय को की कार्यशाला में दी। वह रविवार को दिग्विजय नाथ पीजी कॉलेज में कार्यशाला के मुख्य अतिथि के रूप में समन्वयकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हर युवा के हाथ में मोबाइल फोन है। विश्वविद्यालय ने अधुनातन टेक्नोलॉजी का सहारा लेते हुए महत्वपूर्ण सूचनाओं से आच्छादित ऐप को विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया है। जिसका सुपरिणाम शीघ्र देखने को मिलेगा। जब राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के बारे में युवा आधिकाधिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। एक क्लिक पर प्रवेश, काउंसलिंग, अधिन्यास, परीक्षा एवं रिजल्ट की जानकारी उन्हें प्राप्त हो सकेगी। इसके पूर्व इग्नू में दूरस्थ शिक्षा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान करने वाले प्रोफेसर सत्यकाम छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण एवं कौशल विकास पर आधारित शिक्षा देने के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि आज इग्नू के स्टूडेंट को लोग सम्मान के भाव से देखते हैं। हमें राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों की गुणवत्ता को बढ़ाना है जिससे हमारे विद्यार्थियों की पहुंच अंतरराष्ट्रीय स्तर तक हो। इसके लिए हमें सभी अध्ययन केंद्र समन्वयकों का भरपूर सहयोग चाहिए। उन्होंने कहा कि कई ऐसे अध्ययन केंद्र समन्वयक हैं जिन्होंने अभी तक मुक्त विश्वविद्यालय नहीं देखा है। हम उनकी योग्यता के आधार पर विश्वविद्यालय का परीक्षक नियुक्त करेंगे जिससे वह विश्वविद्यालय में आकर मूल्यांकन कार्य कर सकें।

अध्यक्षता करते हुए जननायक विश्वविद्यालय, बलिया के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता ने कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय की नामांकन संख्या संवाद, सम्पर्क, समन्वय एवं सहयोग के माध्यम से ही बढ़ाई जा सकती है। नामांकन कराने के लिए संवाद एवं संपर्क बहुत जरूरी है। इसके उपरांत समन्वय और सहयोग के भाव से ही विद्यार्थी के अंदर संतुष्टि का भाव आएगा। प्रोफेसर गुप्ता ने समन्वयकों से कहा कि वह खुले मन से अपने शिक्षार्थियों से संवाद अवश्य करें जिससे वह शिकायतें लेकर अध्ययन केंद्र पर उपस्थित न हो। मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केंद्र के 6 वर्षों तक समन्वयक का दायित्व निभा चुके प्रोफेसर गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय की सेवा करने के लिए कृतज्ञता का भाव होना चाहिए। कृतज्ञता के भाव से ही समाज में जो अंधकार है उसे दूर किया जा



सकता है। व्यक्ति के जीवन की सार्थकता तभी है जब उसका उपयोग समाज की सेवा के लिए हो। इस अवसर पर गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र से संबद्ध गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, संत कबीर नगर तथा सिद्धार्थ नगर जिले से आए डॉ राजीव श्रीवास्तव, डॉ विकास कुमार श्रीवास्तव, डॉ वेद प्रकाश पांडेय, प्रोफेसर महबूब आलम, डॉ सुशील कुमार पांडेय आदि ने छात्र संख्या बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा कई समस्याओं की तरफ ध्यान इंगित किया। कार्यशाला में प्रभारी प्रवेश प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने समर्थ पोर्टल पर प्रवेश प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी समन्वयकों को दी। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित वीडियो वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। समन्वयक उसे देखकर छात्रों की समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक डीपी सिंह ने प्रतिभागियों की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करते हुए कहा कि प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु सभी जिलों में परीक्षा केंद्र बनाने जाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह समाज सेवा के भाव से ही प्रशासनिक सेवा के क्षेत्र से सभी सुख सुविधाओं को छोड़कर विश्वविद्यालय की सेवा में आए। यही भाव समन्वयकों में भी होना चाहिए और कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम द्वारा दिए गए लक्ष्य एक लाख की प्रवेश संख्या को 1 लाख 20 हजार तक पहुंचाने के लिए अपना पूरा दमखम लगा दें। मेहनत से किए गए कार्य में सफलता अवश्य प्राप्त होती है। कार्यशाला का संचालन डॉ ब्रजेश मिश्रा ने तथा क्षेत्रीय केंद्र, गोरखपुर के समन्वयक डॉ प्रवीण कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ बृजेश पांडेय, प्राचार्य, रामजी सहाय डिग्री कॉलेज ने कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ संजय पांडेय ने किया।

इसके पूर्व उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने रविवार को विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र के लिए अधिकृत भूखंड पर वृक्षारोपण जन अभियान-2024 के अंतर्गत प्रदेश में पौधरोपण महाभियान में अपना योगदान देते हुए एक वृक्ष राजर्षि के नाम पर रोपित किया। इससे पूर्व शनिवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय में इस महाअभियान की शुरुआत की गई। कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए यह अभियान सतत रूप से जारी रहेगा। विश्वविद्यालय से बाहर भी हम वृक्षारोपण अभियान चलाते रहेंगे। जिससे मानवता की सेवा हो सके। विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने समाज के नागरिकों से अपील की कि सभी को मानवता की सेवा करते हुए पर्यावरण को संरक्षित करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अभियान में जो भी पौधा लगाया जाए उसकी परवरिश का जिम्मा जरूर उठाना चाहिए। जिससे वह बड़ा होकर लोगों को छांव दे सके। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में वृक्ष ही हमें जीवन दायिनी शक्ति प्रदान कर सकते हैं। इस दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने भूखंड पर निर्माण कार्य में गति लाने के लिए निर्देशित किया। गोरखपुर क्षेत्रीय केन्द्र के सहयोग से इस अवसर पर विश्वविद्यालय के भूखंड पर विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने एक पेड़ राजर्षि के नाम पर लगाया।

## सावन माह मे फाफामऊ बाजार के तिराहे पर यातायात ध्वस्त सडके अति दयनीय

**अखंड भारत संदेश**

**फाफामऊ।** सावन माह मे कावडियों के सुविधा को देखते हुए प्रसासन बनारस की तरह आनेजाने वाली भारी वाहनों को फाफामऊ बाजार की तरफ रुट डायवर्जन से आयेदिन जाम लगने की पूर्ण आशंका है क्योंकि तिराहे पर ही विक्रम चालक तेज आवाज मे गाना व हार्न बजाते हुए तिराहे के तीनों तरफ मोड पर ही अपना स्टैंड बना रखा है।इनके खिलाफ कभी भी स्थानीय पुलिस कार्रवाई नही करते है।तिराहे पर ही आडा तिरछा बेढगं तरीका से टैक्सी खडी कर सवारी भरते व उतारते रहते है।आयेदिन जाम की स्थिति बनी रहती है।इस तरफ रूट हर वर्ष कर दिया जाता हैं।परन्तु सडकों की मरम्मत व सुधार नही किया जाता है जिससे आवागमन मे असुविधा के साथ तमाम दुर्घटनायें होती है।इसके साथ वाहनों के खराब व पलट जाने से घंटों जाम की स्थिति बराबर बनी रहती है।फाफामऊ बाजार के तिराहे से लेकर पूरा बनारस रोड की सडकों का खास्ताहाल है जगह जगह बडे बडे गड्ढे व सडक उखाड़ने से छोटे वाहनों तथा दो पहिया से चलना मुश्किल है।लोगों ने रुट डायवर्जन के पहले सडको को सुधारने व मराम्त कराने की मांग की है।

## मेजा के नेवढ़िया गांव की महिला प्रीती ने एक साथ दिया तीन बच्चों को जन्म परिजन खुश

### भारत में एक साथ तीन बच्चों को जन्म देना है दुर्लभ कार्य - डा भरत शर्मा

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** क्षेत्र के नेवढ़िया गांव की एक महिला ने एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। डॉक्टर इसे जहां दुर्लभ मामला बता रहे हैं वहीं परिजन बेहद खुश हैं। तीनों बच्चे और उनकी मां पूरी तरह से स्वस्थ हैं। प्रयागराज सिविल लाइंस स्थित वात्सल्य अस्पताल में 6 मिनट के दौरान तीनों बच्चों का जन्म हुआ है। अस्पताल के डॉ भारत शर्मा का कहना है कि भारत में एक साथ तीन बच्चों को जन्म देने की घटनाएं हजारों में एक होती हैं। तीनों बच्चों





का जन्म नार्मल हुआ है। गुरुवार 18 जुलाई को सुबह 5 बजे मेजा के नेवढ़िया गांव की 27 वर्षीय प्रीति तिवारी पत्नी पंकज तिवारी ने तीन स्वस्थ्य बच्चों को जन्म दिया। इसमें 2 बेटा और एक बेटी है। जन्म देने वाली प्रीति तिवारी ट्रिपलेट मॉम और तीनों नवजात स्वस्थ हैं। प्रीति के देवर अनुराग तिवारी ने बताया कि 2 साल पहले एक बच्चे की जन्म के बाद मौत हो गई थी। बीते दो वर्षों से नैनी स्थित हयात अस्पताल में डॉ सादिया अशरफ से इलाज करा रही थी। डॉ सादिया की सलाह पर 8 वां महीना चढ़ने के 10 दिन पहले ही महिला को वात्सल्य अस्पताल में एडमिट कराया गया। डॉ. भरत शर्मा के नेतृत्व में नार्मल डिलिवरी से प्रीति ने तीन बच्चों को जन्म दिया। बच्चों का वजन कम होने से उन्हें एनआईसीयू में रखा गया। अब मां और बच्चे स्वस्थ हैं। डॉ. भरत शर्मा के अनुसार, भारत में एक साथ तीन बच्चों को जन्म देना दुर्लभ घटना है। ट्रिप्लेश प्रेग्नेंसी होना और बच्चों का स्वस्थ जन्म लेना रेयर केस है। ऐसे केस में महिला को 7 महीने तक मैनेज करना आसान नहीं होता है। उन्होंने कहा कि इन्हें एक सप्ताह में डिस्चार्ज कर दिया जायेगा।

## कौशल विकास प्रचार आरम्भ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक बनने की ली शपथ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में कौशल विकास का अध्ययन करने से छात्रों को विविध प्रकार के कौशल विकसित करने में मदद मिलती है जो न किसी एक पेशे में बल्कि विभिन्न अन्य क्षेत्रों में भी मूल्यवान है। प्रभारी निरीक्षक सी पी पांडे इस कार्यक्रम में कॉलेज के अधिकारियों का एक दल उन्होंने प्रशिक्षण केन्द्र के बाहर प्रशिक्षण के प्रचार को लेकर एक अभियान चलाया जिसमें उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए प्रॉस्पेक्टस का वितरण किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सी पी पांडे इंस्पेक्टर, रोहित पांडे मोहम्मद कौसर रोहित आदि लोग मौजूद रहे। मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आई टी सी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है कोपा ट्रेड उत्तर प्रदेश पुलिस की कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती में मान्य है यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें।

## भुक्तभोगी ने दरोगा पर मोबाइल छीनने का लगाया आरोप,उच्चाधिकारियों से लगाई गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** थाना क्षेत्र के महुआंव कला निवासी उमेश मिश्र ने पुलिस अफसरों को पत्र देकर बताया कि बीते शुक्रवार सुबह 10 बजे गांव निवासी जितेंद्र कुमार उसके घर पहुंचा और कहा कि भारतगंज पुलिस चौकी पर उसे बुलाया गया है। सूचना पर वह तत्काल पुलिस चौकी पहुंचा। चौकी पर तैनात दरोगा विनय सिंह व रवि कुमार ने उसका परिचय पूछने के बाद पिता को बुलाने का फरमान सुना दिया। पिता को बुलाने के लिए उसने मोबाइल फोन निकाला। जिसपर दरोगा ने उसका फोन छीन लिए और दो घंटे तक चौकी पर बैठाए रखा। भुक्तभोगी ने आरोप लगाया कि तीन दिन से पुलिस चौकी का चक्कर काट रहा है और पुलिस मोबाइल फोन वापस नही दे रही है। मोबाइल फोन के बदले दो हजार रुपये की मांग की जा रही है। मामले में एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

## बड़ोखर में शव दफनाने को लेकर दूसरी बार उलझा विवाद अफसरों ने सुलझाया

### कास्तकार व कब्रिस्तान की भूमि को एसडीएम के आदेश पर आज होगी पैमाइस

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव /प्रयागराज।** कोरांव थाना क्षेत्र के बड़ोखर गांव के ही कारी दिलकस पुत्र मो0 आजम की शुक्रवार को शाम को लगभग 8बजे रात घर से कोरांव जा रहे रास्ते में भगेसर मोड पर सड़क पर घूम रहे आवारा बैल से टकराने से बैल की सींग गले में फस गई जिससे दिलकश की मौत हो गई थी।

बड़ोखर गांव के ही लुकमान अली पुत्र लाल मोहम्मद की शुक्रवार को ही शाम को मृत्यु हो गई थी दोनों मृतक की भाई व बेटे मुंबई



में रहते हैं । शनिवार को शव दफनाने को लेकर जब कब्रिस्तान पर कब्र खुदने के लिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने गए तो गांव के ही निवासी संतोष सिंह ने अपनी भूमिका नंबर बताते हुए कब्र खोदने से मना कर दिए मामले की जानकारी मिलने पर सपा नेता शहादत अली ने शनिवार को ही अधिकारियों से वार्ता की पूरी जानकारी दी जानकारी मिलते ही एसडीएम कोरांव आकांक्षा सिंह व थाना प्रभारी राकेश भारती दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले को शांत करने की कोशिश की किंतु संतोष सिंह का कहना था कि जहा कब्र खोद रहे हैं व हमारी भूमि धारी जमीन है जबकि मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना है कि हम लोग काफी लंबे समय से वक्त स्थल पर शव दफनाते चले आ रहे हैं हालांकि विवाद को देखते हुए अधिकारियों द्वारा दोनों पक्षों को रोक दिया गया था।जिससे शनिवार को शव नहीं दफनाया जा सके । कब्रिस्तान के भूमि पर शव दफनाने को लेकर दूसरी बार भी शनिवार को विवाद हो गया। सूचना पाकर उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह, तहसीलदार तहसीलदार मौके पर पहुंच गए और विवाद के निपटारे के लिए कब्रिस्तान के भूमि की नाप और पैमाइश के निर्देश दिए हैं। आज के 20 दिन पहले भी शव दफनाने को लेकर विवाद हुआ था और काश्तकार के द्वारा रोक दिया गया था। उस समय भी अधिकारियों की सूझबूझ से विवाद टल गया था। हालांकि विवाद को देखते हुए दोनों पक्षों को रोक दिया गया। शनिवार को शव भी नहीं दफनाए जा सके। रविवार को सुबह एसीपी मेजा समेत अन्य अधिकारियों ने पहुंचकर विवाद का निपटारा कराते हुए दोनों शवों को दफनवाया और सोमवार को विवादित कब्रिस्तान के भूमि की नाप व पैमाईश कराए जाने की बात कही है।

## सावन पर्व पर सजाया गया मन्दिर मनकामेश्वर धाम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सावन माह को लेकर क्षेत्र के पौराणिक और ऐतिहासिक मनकामेश्वर धाम लालापुर मंदिर को भव्यता के साथ सजाया संवारा गया । सावन के पहले दिन सोमवार पड़ने को लेकर मंदिर प्रबंध तंत्र और स्थानीय पुलिस प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है । मंदिर के प्रबंधक प्रधान लालापुर शंकर लाल पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर में कांवरियों के ठहरने से लेकर जलाभिषेक और पूजन करने तक के लिए पूरी व्यवस्था की गई है । किसी भी भक्त को किसी भी तरह की कोई दिक्कत ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ।

## युवक का मोबाइल हैक, 2 लाख ट्रांसफर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बीए के छात्र के अकाउंट से दो लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। छात्र का कहना है कि उसके मोबाइल पर कोई ओटीपी नहीं आई। न ही किसी एप को डाउनलोड किया।उसका कहना है कि मोबाइल हैक कर रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ। मोबाइल चार्ज में लगा था तभी अपने आप उसमें मैसेज अपडेट हो रहे थे। धूमनगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।राजरूपपुर इलाके के रहने वाले अनिल कुमार गुप्ता गुटखा कारोबारी हैं। उनका बेटा हिमांशु कुमार गुप्ता बीए कर रहा है। हिमांशु का कहना है कि उनका खाता इंडसइंड बैंक में है। मोबाइल पर बैंक की सारी डिटेल सेफ थी।शनिवार को उनके मोबाइल पर कुछ मैसेज आए थे। इसके बाद मोबाइल चार्ज पर लगा दिया। कुछ देर बाद बैंक से मैसेज आया कि अकाउंट से दो लाख रुपए ट्रांसफर हो गए।

### छात्र बोला मोबाइल पर मैसेज रन कर रहा था

हिमांशु का कहना है कि मोबाइल हैक हुआ था। कुछ देर बाद भी वह अपने आप रन कर रहा था। वह बैंक पहुंचे तो पता चला किसी सुनील नाम के शख्स के खाते में रुपए ट्रांसफर हुए हैं। धूमनगंज पुलिस का कहना है कि ऑनलाइन ठगी हुई है। मोबाइल हैक के बारे में जानकारी की जा रही है।

## गुरु पूर्णिमा पर शिष्य गुरु की पूजा एवं दान कर जीवन में पाता है सुख समृद्धि

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** सांसारिक परंपरा एवं धर्म, रीति रिवाज को प्रगाढ़ता से निभाते हुए गुरु शिष्य की धार्मिक पारस्परिक संबंध पौराणिक काल से चला आ रहा है। गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्यों द्वारा सभी गुरुओं की पूजा करने का विधान है। इस अवसर पर आचार्य दिनेश चंद्र तिवारी एवं ओम प्रकाश शास्त्री ने बताया कि सनातन धर्म में गुरु के स्थान को सबसे ऊंचा माना गया है।

गुरु हमें ज्ञान के साथ जीवन के सत्य-असत्य से बखूबी परिचय कराते हैं। साथ ही सफलता के शिखर तक पहुंचने की राह भी दिखाते हैं। गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व आषाढ़ मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इस दिन संस्कारित शिष्य द्वारा अपने गुरु, कुलगुरु की पूजा कर चरणरज का पान किया जाता है तथा दान-पुण्य से जुड़े आदि कार्य करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उन्होंने कहा धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस दिन महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था। इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। महर्षि वेद व्यास जी को संसार का पहला गुरु माना गया है।

उन्होंने वेदों और पुराणों समेत कई ग्रंथों की रचना भी की थी। ऐसे में गुरु पूर्णिमा के विशेष तिथि



पर शिष्य अपने प्रिय गुरुजनों की पारंपरिक ढंग से पूजन, चरण वंदन, दान आदि कर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए जीवन को कृतार्थ करते हैं। इस अवसर पर देवनहरी गांव निवासी अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, चकिया घरहरा गांव निवासी कृष्ण बल्लभ द्विवेदी, बसमहुआ निवासी चिंतामणि शक्ल एवं सिंगरामऊ निवासी शिवधारी पाल सहित आदि शिष्यों ने अपने-अपने गुरुओं से चरण वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किए।

## श्रीबङ्क्षांग आश्रम देवली में विद्यार्थियों ने किया गुरुपूजन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** क्षेत्र के देवली ग्राम में स्थित प्राचीन गुरुकुल श्रीबङ्क्षांग आश्रम द्वारा संचालित श्रीबङ्क्षांग संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों ने गुरुपूर्णिमा के अवसर पर वेद वेदांग आदि की शिक्षा देने वाले गुरुजनों की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन करके आरती उतारी। आश्रम संचालक आचार्य धीरज द्विवेदी याज्ञिक ने गुरुपूर्णिमा एवं गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु पद रज सिर धारते, मिले ऐश्वर्य सात प्रकार। अर्थात् -गुरुदेव के चरणों की धूल सिर पर लगाते ही सात प्रकार के ऐश्वर्य सहज ही प्राप्त हो जाते हैं जिसमें तीन सांसारिक ऐश्वर्य- लोकेषना, सुतेषना, वित्तेषना तथा चार आध्यात्मिक ऐश्वर्य- ज्ञानैश्वर्य, विवेकैश्वर्य, भजनैश्वर्य, वैराग्यैश्वर्य हैं। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं-'जे गुरु चरन रेनु सिर धरहीं। ते जनु सकल विभव बस करहीं।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक धीरेंद्र नारायण मिश्र, धर्मेंद्र नारायण मिश्र, अवधेशानंद, जयप्रकाश तिवारी, आचार्य चंद्रभूषण तिवारी आदि सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## रोपित किए गए पौधों की सुरक्षा करना अहम जिम्मेदारी - विजय पाल

### वृक्षारोपण महा जन अभियान के तहत लगाया गया एक पेड़ मां के नाम

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** वैसे तो सरकार द्वारा प्रतिवर्ष एक अभियान के तहत लाखों पेड़ रोपित किए जाते परन्तु पर्याप्त देखभाल व सुरक्षा के आभाव में अधिकतर पौधे या तो सूख जाते हैं या फिर पशु उन्हें नष्ट कर देते हैं। ऐसे में हमारी जिम्मेदारी बनती है की पौधों की सुरक्षा के लिए भी ठोस कदम उठाए। यह बातें रविवार को फूलपुर विकास खण्ड के चक अब्दुल करीम उर्फ पुरेभुलई गांव में एक पेड़ मां के नाम रोपित करते हुए ईशा पब्लिक स्कूल के प्रबंधक विजय पाल ने कही। भाजपा नेता अशोक चौधरी ने गांवों में मियांवाकी पद्धति रोपित पौधों के लिए ग्राम प्रधान के साथ ही अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा की निश्चित रूप से अब गांवों में एक घना जंगल देखने को मिलेगा। ग्राम प्रधान कमलेश यादव ने पौधरोपण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर समाजसेवी गुलाबसिंह, राम बहादुर, सुरेश चंद्र, शैलेश मिश्रा, सभाजीत यादव, विजय चंद्र विश्वकर्मा सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



## सावन माह की व्यवस्थाओं के लिए एसपीओ टीम की अहम बैठक हुई संपन्न

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी सावन माह के दौरान होने वाली व्यवस्थाओं पर चर्चा के लिए रविवार को विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम की ओर से नैनी मलाहरा फाटक के समीप सदस्य सुरेंद्र गुप्ता के आवास पर बैठक की गई। इसमें एसपीओ टीम के सभी अधिकारी एवं सदस्यों को मूलभूत सुविधाओं एवं नैनी प्रशासन के दिशा निर्देश पर ड्यूटी एवं निस्वार्थ भाव से सहयोग करने के आदेश दिए गए।साथ ही बैठक में एसपीओ टीम के सदस्यों को पुराने आई कार्ड को जमा करके नए आई कार्ड दिए गए तथा सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सदस्यों को विशेष पुलिस अधिकारी टीम की ओर से सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं सावन माह को ध्यान में रखते हुए एसपीओ टीम की ओर



से वरिष्ठ सदस्य प्रदीप कुमार को एरिया इंचार्ज के रूप में नियुक्त किया गया तथा उन्हें एरिया इंचार्ज के रूप में कार्य करने तथा उनके कर्तव्य को बताया गया। मुख्य रूप से इस बैठक में प्रभारी अभय राज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद ने कहा कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए टीम के अंदर अहम भूमिका निभाने वाले सदस्यों को विशेष रूप से उन्हें जिम्मेदारी सौंपा गया तथा उन्हें अवगत कराया गया की ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े वह प्रत्येक वर्ष की भांति प्रशासन के दिशा निर्देश पर निस्वार्थ भाव से प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके सहयोग में जुटे रहे। तथा सावन माह में श्रद्धालुओं एवं कावड़ यात्रियों के मार्ग पर ड्यूटी करते हुए उन्हें मुख्य रूप से सेवा सहयोग प्रदान करने में मुख्य भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी देख लियाकत अली संगठन सचिव रविंद्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल रामजी जायसवाल समीर खान राकेश सोनकर प्रदीप कुमार सुरेन्द्र गुप्ता संजीव वर्मा पंकज मलिक सोनू भारतीया वसीम खान अश्विनी शर्मा राजु साहनी विवेक पाल आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

# क्रियायोग आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आयोजन संपन्न

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर क्रियायोग गुरु ने दीप प्रज्वलित कर वसुधैव कुटुंबकम् का दिया संदेश

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान में रविवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन संपन्न किया गया , इस अवसर पर देश ही नहीं विदेश के साधक उपस्थित रहे । क्रियायोग आश्रम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के एक हफ्ते पहले से ही साधकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था , प्रतिदिन 15 से 20 लोगों आश्रम पहुंच रहे थे । महावतार बाबा जी के आध्यात्मिक आभामंडल में बने ध्यान केंद्र साधकों से भर गया वही ध्यान कच्छ के बाहर भी साधकों की भीड़ लगी रही । बताते चलें कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव का लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से किया गया । सबसे पहले क्रियायोग गुरु ने आए हुए साधकों को गुरु पूर्णिमा महोत्सव के शब्दों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से समझाया बताया कि परम सत्य की खोज और उसके साथ जुड़ा गुरु-शिष्य संबंध प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति की विशेषता रही है। गुरु-शिष्य की शाश्वत एकता में शिष्य के अन्दर सम्पूर्ण ज्ञान का अभ्युदय होता है और इस अवस्था में शिष्य को क्रियायोग की अनिवार्य आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए स्वामी जी ने बताया कि वैज्ञानिक ऋषियों-मुनियों ने यह सिद्ध किया है कि क्रियायोग के भक्तिपूर्ण अभ्यास से यह आठ बंधन (घृणा, भय, लज्जा, शोक, निंदा, जाति अभिमान, कुल अभिमान, एवं आत्मदंभ) सहजता से कट जाते हैं ,ब्रह्माण्ड की सभी रचनाओं से अविरल एकता की अनुभूति होती है जिसे कैवल्य (मोक्ष) कहते है। कैवल्य पद प्राप्त करने में आठ बंधन घृणा, भय, लज्जा, शोक, निन्दा, जाति अभिमान, कुल अभिमान एवं आत्मदंभ निरन्तर बाधा पहुँचाते है। क्रियायोग की अनिवार्य आवश्यकता को स्पष्ट करते है। स्वामी जी ने कहा कि वैज्ञानिक ऋषियों-मुनियों ने यह सिद्ध किया है कि क्रियायोग के भक्तिपूर्ण अभ्यास से यह आठ बंधन सहजता से कट जाते हैं। क्रियायोग एक ऐसी शिक्षा है जिसके अभ्यास से मानव समस्त प्रकार के कष्टों से अल्पकाल में मुक्त हो जाता है । उक्त विचार क्रियायोग वैज्ञानिक स्वामी श्री योगी सत्यम् जी महाराज ने क्रियायोग के अभ्यास के दौरान व्यक्त किये। स्वामी जी ने आगे कहा कि सभी मानव किसी न किसी धार्मिक अनुसंधानों से जुड़े हैं परंतु राष्ट्र को जो सुख, शान्ति मिलनी चाहिए उसका अभाव है। वैज्ञानिक तरीके से स्पष्ट किया गया कि जिस दिन राष्ट्र के 75 प्रतिशत लोग क्रियायोग ध्यान से जुड़ जायेंगे राष्ट्र का सर्वांगीण विकास स्वतः हो जायेगा। कार्यक्रम में भारत के सभी प्रदेशों के साथ-साथ कनाडा, अमेरिका, यूरोप, सिंगापूर, ब्राजील आदि देशों से साधकों ने भाग लिया।



## महापौर ने गंगा घाटों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** महापौर गणेश केशरवानी ने रविवार को गंगा घाटों का निरीक्षण किया इस दौरान नगर निगम, पीडब्लूडी, सिचाई विभाग, बिजलीं विभाग के अधिकारी मौजूद रहे सभी को निर्विरोध कावड़ यात्रा को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

सोमवार से सावन मास का प्रारम्भ हो रहा है। प्रयागराज के दारागंज दशाश्वमेध घाट से शिव भक्त गंगा जल भर कर बाबा की नगरी काशी जलाभिषेक करने जाते है। शिव भक्तों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका जायजा लेने महापौर गणेश केशरवानी दशाश्वमेध घाट पहुचे। उपस्थित मातहतों को सभी गंगा घाटों पर साफ सफाई, घाटों पर लेवलिंग, घाटों के किनारों पर बैरिकेटिंग, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराने, पीने के पानी की व्यावस्था के साथ घाट व सड़क किनारे मोबाइल टॉयलेट, चेंजिंग रूम लगाने का निर्देश दिया। महापौर ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शिव भक्तों को किसी प्रकार की समस्या नही होनी चाहिए। घाटों पर साफसफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान पार्षद अनुपमा तीर्थराज पांडेय, पप्पू निषाद, भारत निषाद, सुभाष चंद्र वैश्य, नगर निगम के अवर अभियंता राम सक्सेना, जोनल अधिकारी संजय ममगई आदि अधिकारी सहित श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

## कांग्रेस द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संविधान सभा के प्रमुख नेता और पूर्व संसद स्वर्गीय मसूरिया दिन जी पुण्यतिथि मनाई

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर इलाहाबाद विश्व विद्यालय की छात्र संघ की राजनीति में अपने नाम की छाप छोड़ने वाले शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के निर्देशन और कुशल नेतृत्व के आवाहन पर नैनी कांग्रेस जनों ने ग्राम सभा पतेवरा में जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति एवं जनजाति के जिलाध्यक्ष नागेश भारतीय के निवास पर देश के महान दलित नेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मसूरिया दिन जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए मौजूद कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण ने सामूहिक रूप से कहा कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद एक ऐसा जिला है इस जिले आजादी के आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले कई महान विभूतियों का नाम जिनमे एक महान नाम और प्रयागराज के जोंधवल क्षेत्र में जन्मे दलितों के प्रमुख नेता मसूरिया दिन जी का भी नाम आता है जिन्होंने देश की आजादी के आंदोलन में प्रमुख रूप से हिस्सा लेकर देश को आजादी दिलाने के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज को पूरी ताकत के साथ एक आवाज



बनकर अंग्रेजी हुकूमत के कुशासन के खिलाफ खुला संघर्ष किया जिसके स्वर्गीय मसूरिया दिन जी को अंग्रेजी हुकूमत अपनी कुशासन के चलते जेल की सलाखों में कई बार कैद कर दिया था लेकिन स्वर्गीय अंग्रेजी हुकूमत के कुशासन का मुंहतोड़ जबाव देने के लिए जेल से बाहर निकलने पर इन्होंने देश की आजादी को पाने में फिर से अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रक्खा और अंग्रेजी हुकूमत के आगे झुकना नहीं सीखा था जिसके प्रति अंग्रेजी हुकूमत ने एक बार फिर से उन्हें वर्ष 1932 से 1944 के बीच में जेल की सलाखों में कैद कर दिया था लेकिन स्वर्गीय मसूरिया दिन जी ने अपने हौसले और जज्बात को कम करने के बजाय लगातार अपने विचार के साथ देश की आजादी के आंदोलन में आजादी के प्रति संघर्ष का बिगुल फूंकने वाले साथियों के साथ मिलकर सक्रिय भूमिका निभाते रहे, इसलिए देश की आजादी मिलने पर स्वर्गीय मसूरिया दिन जी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का सम्मान देते हुए उन्हें प्रयागराज की फूलपुर लोकसभा से कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व करने का दो बार अवसर दिया। इस पुण्यतिथि कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहर कांग्रेस कमेटी के शहर उपाध्यक्ष विवेक कुमार पाण्डेय, शहर उपाध्यक्ष नयन कुशवाहा, शहर महासचिव राकेश श्रीवास्तव, अंजुम नाज शहर सचिव प्रदीप वर्मा, सुनील कुमार सेन, रूपेश कुमार जायसवाल, वार्ड अध्यक्ष राज कुमार कुशवाहा, जमाल अख्तर, मुन्ना जाफरी, राजू भारतीय, जावेद, राज कुमार भारतीय, विनोद जैकब, इंदुबाला चौधरी, उमेश भारतीय, मानिक चंद, पिंटू पासी, शिव जगन पासी, जीवन लाल पासी,धर्मराज, अनिता सहित अनेक लोग मौजूद रहे हैं।

### नगर पंचायत में लक्ष्य के सापेक्ष लगाए गए 400 पौधे

**शंकरगढ़।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान के क्रम में नगर पंचायत शंकरगढ़ ने भी पौधरोपण करवाया। नगरीय निकाय क्षेत्र में स्थित विभिन्न तालाबों, सार्वजनिक स्थलों, हास्पिटल, मंदिर के इर्द-गिर्द पौधे लगाए गए। पौधरोपण अभियान की अगुवाई कर रहे अधिशाषी अधिकारी अमित कुमार ने कहा, पौधरोपण आज की महती जरूरत है। अगर हम सभी को स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण चाहिए तो हर किसी को पौधरोपण करना होगा। तभी हम पर्यावरणीय संकट से उबर पाएंगे। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्र के कम होने से पर्यावरण संकट दिनोंदिन गहराता जा रहा है। शंकरगढ़ पहाडी क्षेत्र है। गर्मियों के दिनों में यहां का तापमान मैदानी इलाको की अपेक्षा काफी बढ़ जाता है, इसलिए यहां के प्रत्येक कस्बावासी के साथ-साथ ग्रामीणांचल के लोगों को पौधरोपण करना चाहिए। ईओ ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में कुल 771 पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया था।

## अरैल में गुरु पूर्णिमा महोत्सव आश्रम में मनाया गया




**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** नैनी अरैल में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर। महर्षि ने हिंदुत्व की ज्योति देश-विदेश में लाई हैं। यह बाते बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईजी लालजी शुक्ल ने महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि महर्षि महेश योगी ऐसे संत थे, जिन्होंने भारत में जन्म लेकर के विदेश में सनातन धर्म का प्रचार किया और जीवन में खुशियां लाने के लिए भावतीत ध्यान का उपाय बताया। विशिष्ट अतिथि विमल मिश्र सहायक आयुक्त पुलिस ने कहा कि विश्व में सनातन धर्म का परचम लहराने के लिए महर्षि ने भावातीत ध्यान के माध्यम से



मनुष्य के जीवन को सुखी बनाने का प्रयास किया। पूजा अर्चना के बाद प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें हजारों की संख्या में कर्मचारी गण मौजूद थे। आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव व बसंत दास ने अतिथियों को सम्मानित किया। इस मौके पर मंदिर प्रभारी धर्मेंद्र श्रीवास्तव, ऋषि त्रिवेदी, विमल मिश्रा, जयप्रकाश तिवारी, डॉ. जेपी श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव सुरेश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

# 400 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

## पानीपत में मकान लेकर रह रहा था, पनाह देने वाला नोएडा का शख्स भी अरेस्ट

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में 400 करोड़ की ठगी करने के आरोपी और कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की तीन टीमें अभिषेक की तलाश में कई जगहों पर छापेमारी की थीं। अभिषेक को पनाह देने वाले एक शख्स को भी पकड़ा गया है। उसका नाम टीकम चंद जायसवाल है। जो नोएडा का रहने वाला है।पुलिस दोनों को लेकर प्रयागराज पहुंच गई है। उससे पूछताछ की जा रही है। अभिषेक पानीपत में एक मकान में फरारी काट रहा था। सटीक सूचना के बाद पुलिस टीमों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। अभिषेक की गिरफ्तारी के बाद 400 करोड़ की इस ठगी के कई राज खुलेंगे। माना जा रहा है कि अभिषेक के साथ इस कांड में कई रसूखदार लोग शामिल थे। अब उनके नाम भी सामने आने की उम्मीद है।

### कंपनी खोल रियल एस्टेट और शेयर के नाम ठगा

शिवकुटी के गोविंदपुर के रहने वाले अभिषेक द्विवेदी ने पत्नी निहारिका के नाम पर निहारिका वेंचर्स कंपनी खोली थी। सिविल लाइंस समेत कई शहरों में ऑफिस बनाया था। इसमें रियल स्टेट व शेयर बाजार में लाभ का लालच



देकर लोगों को ठगा गया। रियल स्टेट में रुपए लगाने वालों से कहा गया था कि उन्हें अयोध्या के बक्शी रोड व प्रयागराज के रीवा रोड स्थित गौहनिया में जमीन दी जाएगी।6 जून को एमडी अभिषेक द्विवेदी को उसके पिता डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी ने अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया था। जिसकी जानकारी लोगों को हुई। तो शिवकुटी थाने में धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया था।

पुलिस ने डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी को 7 जून को गिरफ्तार कर लिया था। जबकि अभिषेक व निहारिका हाथ नहीं लगे थे। इधर करीब दो सप्ताह पहले निहारिका की मां को भी पकड़कर जेल भेजा गया था। शिवकुटी पुलिस व एसओजी लगातार दोनों की तलाश कर रही है।

### करोड़ों की संपत्ति का हुआ खुलासा

एमडी अभिषेक द्विवेदी और उसकी पत्नी निहारिका पर पुलिस का शिकंजा कस रहा है। अभिषेक और निहारिका की करोड़ों की संपत्ति का पुलिस ने पता लगाया है। यह संपत्ति ठगी के रुपयों से बनाई गई। इसे लेकर जांच आगे बढ़ रही है।

### रियल एस्टेट और शेयर मार्केट के जरिए ठगी

फरार निहारिका वेंचर्स कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी रियल एस्टेट और शेयर कारोबार में लोगों के रुपए लगवाए। निवेशकों को अपनी कंपनी के जरिए रकम लगाने पर अच्छा लाभ देने का लालच दिया। सैकड़ों लोगों को जाल में फंसाया और 400 करोड़ रुपए की ठगी कर फरार हो गए। दर्जनों निवेशकों ने छह जून को शिवकुटी थाने में कंपनी के एमडी अभिषेक द्विवेदी, निहारिका और डॉ. ओम प्रकाश द्विवेदी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

## गुरु पूर्णिमा पर संगम पहुंचे श्रद्धालु

### मठ-मंदिरों में शिष्य गुरुओं का चरण पखारकर लिएआशीर्वाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** गुरु-शिष्य की परंपरा को समर्पित गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व रविवार को श्रद्धा, उल्लास से मनाया जा रहा है। मठ-मंदिरों में शिष्य गुरुओं का चरण पखारकर आशीष प्राप्त कर रहे हैं। धार्मिक, सांस्कृतिक संस्थाओं की ओर से कार्यक्रम हो रहे हैं।गुरु पूर्णिमा को स्नान-दान की आषाढ़ी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इसलिए पुण्य के निमित्त बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान करने पहुंचे। संगम के अलावा गंगा-यमुना के घाटों पर स्नान-दान किया जा रहा है। खासकर संगम पर सुबह से ही लोगों की भीड़ है।इस बार गुरु पूर्णिमा पर ग्रहों की स्थिति का शुभ योग बन रहा है। इस दिन मंगल और बृहस्पति वृष राशि और शनि देव कुम्भ में विद्यमान हैं। चंद्रमा सुबह 8:06 बजे के बाद मकर राशि में प्रवेश करेंगे।



### गुरु पूर्णिमा पर शहर में कई आयोजन

गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मठ-मंदिरों में विविध कार्यक्रम आयोजित हैं। अलोपीबाग स्थित आश्रम में स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ब्रह्मलीन गुरुओं के निमित्त पूजन-अर्चन करके चातुर्मास अनुष्ठान किया।त्रिवेणी बांध स्थित देवरहा बाबा आश्रम में सुबह नौ बजे गुरु पूजन हुआ। स्वामी रामेश्वर प्रपन्नाचार्य शास्त्री के सानिध्य में देवरहा बाबा की प्रतिमा पर पूजन और पंचामृत से अभिषेक किया गया। बलुआघाट स्थित इस्कॉन मंदिर, बाघंबरी मठ में गुरुपूजन किया गया।

### मऊआइमा के तीन अलग अलग गांवों में मार पीट सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा ।**मऊआइमा इलाके के तीन अलग-अलग गांवों में मार पीट सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बकराबाद निवासी रामनरेश पुत्र हरिश्चन्द्र का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे मारा पीटा गया। रामनरेश ने मऊआइमा थाने में संदीप उर्फ बिल्ला, जगदीश कुमार, रवीन्द्र कुमार, रमेश पाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम बेनी हासिमपुर निवासी अनुप कुमार मिश्रा पुत्र हरिशंकर का आरोप है कि उसे मारा पीटा और घर में तोड फोड की गयी।अनुप कुमार ने मऊआइमा थाने में राजेश कुमार उर्फ राजीव और उसकी पत्नी उपासना मिश्रा तथा चार अज्ञातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। ग्राम जाम्हा निवासी अनुज कुमार पुत्र भुल्लर का आरोप है कि उसके भाई ने अनायास मारा पीटा।अनुज ने अपने भाई राकेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## वरिष्ठ पत्रकार के निधन पर दौड़ी शोक कि लहर प्रयागराज

**अखंड भारत संदेश**

**कौंधियारा।** सप्ताहभर पहले देर शाम सड़क हादसे का शिकार हुए यमुनापार के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह का निधन हो गया। हालत गंभीर होने पर प्रयागराज से उन्हे लखनऊ रेफर किया गया था। निधन का समाचार जैसे ही यहां पहुंचा, शोक की लहर दौड़ पड़ी। राजेंद्र प्रताप सिंह के साथ बिताए गए एक-एक पल को याद करते हुए लोगों ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू जारी 13 जुलाई की शाम साढ़े सात बजे उस समय हादसे का शिकार हुए था, जब वह अपने घर लौट रहे थे। गढ़या-मैदा के बीच कार के द्वारा बाइक में टक्कर मारे जाने से राजेंद्र प्रताप सिंह गंभीर रूप से जख्मी होगए। इलाज के लिए पिंटू सिंह को शहर ले जाया गया। निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान राहत नहीं मिलने



पर उन्हे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया था। लखनऊ में आज सुबह निधन के पश्चात उनका शव दोपहर एक बजे एंबुलेंस के द्वारा पैतृक गांव पुरानी जारी लाया जा रहा है। एंबुलेंस लगभग चार बजे जारी पहुंच जाएगी। मिलनसार और खुशदिल मिजाज के राजेंद्र प्रताप सिंह ग्रापए की बारा तहसील इकाई के अध्यक्ष भी थे। इन दिनों वह वेब मीडिया और एक समाचार पत्र से जुड़े थे।

ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अयोध्याप्रसाद केसरवानी ने निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अयोध्याप्रसाद ने कहा, पिंटू सिंह का निधन अत्यंत पीड़ादायी है। वह पत्रकारिता के साथ-साथ संगठन के प्रति बहुत ही सजग रहते थे। उनका स्थान कोई नहीं ले सकता। उन्होंने आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। एसीपी बारा संतलाल सरोज, एसओ बारा, एसओ कौंधियारा, एसओ शंकरगढ़ ओमप्रकाश सिंह, पूर्व एसओ मनोज सिंह व अमित कुमार मिश्र के अलावा पत्रकार साथियों में सूर्यप्रकाश त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार (गोलू) अभय सिंह, आलोक गुप्ता, अमित पांडेय, राहुल सिंह, संतोष यादव, राजीव चंदेल, श्यामप्रकाश, सुनील गिरि, राजीव, द्विवेदी, लवलेश द्विवेदी ने शोक व्यक्त किया है। पत्रकार शोर, प्रमोद बाबू झा, विनीत सेठी, दिलीप केसरवानी, विवेक अग्रहरि हसीन मुश्ताक, दीपक श्रीवास्तव, उमाशंकर गुप्ता, विनोद शुक्ला,

# पानी की टंकी निर्माण के दौरान हाईटेंशन तार में सरिया टच होने से दो मजदूरों की मौत

**हादसे में कई मजदूर झुलसे अस्पताल में कराए गए भर्ती**

**कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई**

**अखण्ड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के घोसिया गांव में हर घर नल योजना के तहत हो रहे पानी की टंकी निर्माण के दौरान हाईटेंशन तार में सरिया टच होने से दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई,वही कई अन्य मजदूर झुलस गए है,स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उन्हे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। मृतक मजदूर बरेली जनपद के बताए जा रहे हैं।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई।

जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के घोसिया गांव में हर घर जल-नल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्यदाई संस्था द्वारा कराया जा रहा है। पानी की टंकी को निर्माण करने के लिए बाबा कंस्ट्रक्शन को ठेका दिया गया है ठेकेदार ने चिह्नित स्थल पर टंकी का निर्माण तो शुरू कर दिया, लेकिन उसके पास से गुजरने वाली हाईटेंशन तार को शिफ्ट नहीं कराया था रविवार को पानी की टंकी निर्माण के दौरान सरिया को ऊपर ले जाया जा रहा था। जिसमें आधा दर्जन मजदूर काम कर रहे थे।तभी अचानक लोहे की सरिया हाई टेंशन करंट दौड़ रहे तार में टच हो गई,जिसमे मजदूर पंकज कुमार उम्र 26 वर्ष पुत्र शंकर लाल वा मजदूर गिरधारी लाल उम्र 29 वर्ष पुत्र लेखराज निवासी जनपद बरेली की मौके पर तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ओमवीर पुत्र धर्म पाल निवासी बरेली और एक अन्य अज्ञात हाईटेंशन तार की चपेट में आने से झुलस गए लोगो ने झुलसे लोगो को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है।

घटना की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनो मजदूरों के परिजनों को इसकी सूचना दे कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही इस मामले में प्रोजेक्ट मैनेजर कुछ भी बोलने से इंकार कर रहे है समाचार लिखे जाने तक मजदूरों की मौत के इस मामले में कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है कार्यदाई संस्था के जिम्मेदारों को बचाने की कवायद शुरू हो गई है और सौदेबाजी के लिए लोग उतर आए हैं।

## पतंजलि योगपीठ की महिलाओं ने मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**कौशांबी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर में पतंजलि योगपीठ की महिलाओं ने गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया है इस मौके पर गुरुजनों की पूजा की गई गुरु पूर्णिमा के पर्व पर विधि विधान से यज्ञ अनुष्ठान आरती कर गुरुजनों की पूजा की गई है और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया है इस मौके पर सीमा केसरवानी पदमा सिंह राजश्री केसरवानी अनीता केसरवानी ज्ञान देवी मीना देवी रंजना वर्मा साक्षी केसरवानी रिया सोनी श्री केसरवानी वैष्णवी सिंह सुशीला सोनी आभा सोनी आदि महिलाएं मौजूद रहे।

## सरकारी नलकूप की मोटर जलकर हुई खराब विभाग के अधिकारी सो रहे हैं कुंभकरण की नींद

**कौशांबी।** सरसावा ब्लॉक के छब्बू का पूरा माजरा बरुआ गांव में लगा सरकारी नलकूप नलकूप संख्या 105ल्ल की मोटर जल गई है विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचित किया गया लेकिन कोई भी अधिकारी इस नलकूप की ओर ध्यान नहीं दे रहा है नलकूप की मोटर जल जाने से किसानों में हाहाकार मची है।

नलकूप की मोटर 1 वर्ष के अंदर लगभग 15 बार जल चुकी है किसानों का कहना है कि नलकूप की मोटर बदलवा दी जाए लेकिन विभाग के जे ई दिनेश कुमार यादव का कहना है कि इस संबंध में हम तुमसे कोई बातचीत नहीं करेंगे वही गांव के किसानों ने बताया कि अभी हम लोग अपना पैसा लगाकर मोटर खुलवाएं खुलवाकर निजी साधन से 2500 रूपए लगा कर प्रयागराज नलकूप कॉलोनी वर्कशॉप में ले गए वहां से मोटर बनकर आई और केवल 24 घंटे मोटर चली और फिर से जल गई वही गांव के किसानों का कहना कि आखिर विभाग के अधिकारी हम गरीब किसानों से किस बात की दुश्मनी निभा रहे हैं जो नलकूप नहीं ठीक करवा है।

अगर विभाग के अधिकारियों द्वारा जल्दी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसानों का धान लगवाना मुश्किल हो जाएगा वहीं किसानों का कहना है कि अगर सोमवार तक नलकूप नहीं चालू हुआ तो जिलाधिकारी कौशांबी के कार्यालय में धरना प्रदर्शन कर प्रार्थना पर देते हुए विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करेंगे और नलकूप चालू करवाने की मांग करेंगे।

## स्वाधीनता संग्राम सेनानी व कांग्रेस के सदस्य और पूर्व सांसद की धूमधाम से मनाई पुण्यतिथि

**अखण्ड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** चायल तहसील के बलीपुर टाटा गांव की दलित बस्ती में 21 जुलाई को कांग्रेस पार्टी के सदस्यों ने स्वाधीनता संग्राम सेनानी व पूर्व सांसद मसूरिया दीन पासी की पुण्यतिथि मनाई ग्राम वासियों ने प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कौशांबी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के साथ उनकी पुण्यतिथि मनाया जिला अध्यक्ष गौरव पांडेय ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि मसूरिया दींन पासी प्रयागराज जनपद के शान थे सर्व समाज के लोगों की आवाज को प्रमुखता से सदन में उठाते थे ऐसे महान पुरुष की यादें हम सभी कांग्रेसियों के अंदर विद्यमान रहेगी हम सभी स्वाधीनता सेनानी के बताए हुए रास्ते पर चलने का काम करेंगे जिला अध्यक्ष ने प्रतिभा में पुष्प चढ़कर शत-शत नमन किया। इस मौके पर छात्र संगठन जिलाध्यक्ष अमित द्विवेदी आजाद ने छात्रों के साथ सांसद की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा मसूरिया दीन पासी समाज सुधारक थे हम सभी उनके बताए हुए रास्ते में चलेंगे और समाज में फैल रहे भेदभाव को दूर करेंगे। कांग्रेस पार्टी के नेता देवेश श्रीवास्तव ने समाज सुधारक मसूरिया दिन पासी की प्रतिमा में पुष्पांजलि अर्पित कर कांग्रेस पार्टी के विचारों को जन-जन तक पहुंचा कार्यक्रम का आयोजन राज नारायण पासी और ब्लॉक अध्यक्ष रोहित कुमार पासी ने किया इस मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव प्रभारी कौशांबी राजेश साहनी युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी, निक्की पांडे सचिन शुक्ला मुन्नीलाल पासी रघुनाथ पासी अशोक कुमार पासी तुर्कान अहमद गुड्डू पासी मनोज कुमार पासी राजा पासी शिवशरण पासी अनिल पासी नर्मदा शर्मा आदिल पासी पप्पू पासी भैया पासी मोहित पासी विकास पासी अजय पासी लकी पासी राजेंद्र पासी बबलू पासी माता प्रसाद पासी राजकुमार पासी, रवि कुमार पासी सिकंदर पासी रामबाबू पासी अमरजीत पासी सहित लगभग सैकड़ो की संख्या में पासी समाज के लोग उपस्थित रहे।

## चार दिन पहले घर से गायब ब्यक्ति की तालाब में मिली लाश

**महेंद्र की मौत कैसे हुई है यह पुलिस के लिए बड़ी जांच का विषय है**

**अखण्ड भारत संदेश**



**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के जमाल मऊ में तलाब में उतराता हुआ एक ब्यक्ति का शव मिला है शव से दुर्गंध उठ रही थी जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुँची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराकर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के मुताबिक महेंद्र कुमार उर्फ मुरैला सरोज उम्र 36 वर्ष पुत्र सुददु सरोज रोजी रोटी के लिए बाहर क्षेत्र में ईंट भट्ठे में मजदूरी करता है एक सप्ताह पहले वह गांव लौटा था सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था चार दिन पहले वह शौच क्रिया के लिए घर से बाहर निकला था लेकिन वह घर वापस लौट कर नही आया परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू किया रिश्तेदार नातेदारों से उसकी पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला रविवार की सुबह ग्रामीणों ने तालाब में एक ब्यक्ति की लाश उतराते हुए देखा तो गांव में हड़कम्प मच गया घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना थाना कोखराज पुलिस को दिया जानकारी मिलने के बाद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर थानेदार पहुंचे और एसओ कोखराज ने ग्रामीणों की मदद से लाश को बाहर निकलवाया जिसकी पहचान परिजनों ने महेंद्र सरोज के रूप में की है लाश को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक दो भाइयों में छोटा है मृतक के चार लडकिया व दो लड़के है ग्रामीणों ने बताया कि एक हफ्ते पहले ही ईट भट्टे से वह घर आया था महेंद्र की कैसे मौत हुई है इस पर कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है मौके पर एसओ कोखराज इंद्र देव,चौकी प्रभारी सिंधिया नीरज उपाध्याय व पुलिस मौके पर मौजूद है लाश मिलने के बाद परिजनों का रो रो कर हाल बेहाल है महेंद्र की मौत कैसे हुई है यह पुलिस की जांच का विषय है।

## न्यूज झरोखा

### छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हुआ भव्य मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन



**हर्रायपुर कौशांबी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में जिला युवा प्रकोष्ठ कौशांबी द्वारा एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरज पाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर, मूरतगंज,कौशांबी में निःशुल्क मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पधारे विद्यालय के प्रबंधक मिथलेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। प्रधानाचार्य महेश कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवा प्रकोष्ठ के सह प्रभारी डॉ. ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने गायत्री परिवार के द्वारा चलाए जा रहे अभियान पर प्रकाश डाला। इस क्रम में वरिष्ठ गायत्री परिजन राजेंद्र केशरवानी ने प्रज्ञा गीत प्रस्तुत कर युग ऋषि पं.श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों से छात्रों को प्रेरणा दी। सुरेश जायसवाल ने छात्रों को अपना सुधार कैसे करें इस पर विचार दिए। बाल संस्कारशाला के प्रमुख अजीत कुशवाहा ने संस्कार के विषयों पर चर्चा की। युवा परिजन सौरभ वर्मा ने सेमिनार के उद्देश्यों पर विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिवबाबू शिक्षक, उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव, राधा रानी, सरोज अग्रवाल, सुनील सिंह, अभिषेक साहू, कुलदीप साहू,अरुण कुमार, ,सत्य प्रकाश, आकांक्षा पाल ,नंदिनी पाल ,ज्योति सैनी, आरती श्रीवास्तव , ममता मिश्रा , महरोज फात्मा,मनीषा विश्वकर्मा ,आकांक्षा यादव., मुन्नी देवी,कल्लो देवी, उमेश यादव, लवकुश कुशवाहा ,अजय यादव , संतलाल यादवके साथ सैकड़ों छात्र छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

### ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन की हुई बैठक



**नेवादा कौशाम्बी।** पूरे देश मे चिटफंड कंपनियों को सरकार ने लायसेंस देकर करोड़ो लोगों को ठगी का शिकार बनाया है कितने निवेशक तो अपनी आत्महत्या कर जान गवां चुके हैं लेकिन सरकार ने अभी तक कोई ठोंस कदम उठाकर बड़े बड़े डायरेक्टर एम,डी, व ब्रांच मैनेजर जैसे ठग बेईमानो को कार्यवाही कर जेल भेजकर निवेशकों का डूबा हुआ धन दिलाने की कोशिश नही किया है गरीब निवेशक परेशान हैं और ईधर से उधर भटक रहे हैं लेकिन आज वो डायरेक्टर एम,डी, व ब्रांच मैनेजर उन निवेशको को बीच अधर मे छोंडकर मौज मस्ती कर रहे हैं चन्द्रशेखर चौरसिया जो कि दोनो पैर से बिकलांग है यह दर दर भटक रहे हैं लेकिन आज तक इनका भुगतान नही हो पाया इसी को देखते हुये जनताहित के हित मे जिला कौशाम्बी मे ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार संगठन के जिला अध्यक्ष अयोध्या प्रसाद राय की अध्यक्षता मे दीवर कोतारी मे बैठक कर सभी निवेशकों को दिशा निर्देश देते हुये बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने देश के सभी चिट फंड कंपनियों से प्रत्येक निवेशकों का भुगतान करवाने के लिए सांसद मे सर्वसम्मति से पारित अविनियमित निक्षेप स्कीम पाबंदी अधिनियम 2019 कानून तो बना दिया परंतु उस कानून को अभी तक लागू नहीं किया गया जिससे निवेशक अपना पैसा पाने के लिए दर दर की ठोकर खाने को मजबूर है उन्होंने कहा कि संगठन मे वो ताकत है कि निवेशकों का डूबा हुआ धन वापस मिल सकता है लेकिन उसके लिये निवेशकों को संगठन के साथ आना होगा इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष प्रिजेश प्रताप सिंह,डा.गनेश प्रसाद,चन्दरशेखर विश्वकर्मा,फूलचन्द,रामचन्द, डा.लवकुश,रामसेवक,शारदाप्रसाद,राजेन्द्र प्रसाद डा.शिवचन्द,नत्थू लाल,आदि निवेशक मौजूद रहे।

### पीड़ित के बैंक खाते से ट्रांसफर हई सम्पूर्ण धनराशि 2 लाख 79 हजार 891रुपए पुलिस ने कराया वापस



**अझुवा कौशाम्बी।** मोहम्मद सैफ पुत्र मोहम्मद इशहाक निवासी ग्राम पारस थाना सैनी जनपद कौशाम्बी द्वारा थाना सैनी में 1 फरवरी को उपस्थित होकर शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिक के बैंक अकाउण्ट से धोखाधड़ी कर 2 लाख 79 हजार 891रुपये ट्रान्सफर कर लिये गये हैं, जिसके सम्बन्ध में थाना सैनी पर मु0अ0सं0 29/24 धारा 420 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। इस क्रम में थाना सैनी पुलिस निरीक्षक अयोध्या कुमार (विवेचक) के साथ साइबर थाना टीम द्वारा कुशलता व सक्रियता से कार्यवाही करते हुये दिनांक 21.07.2024 को आवेदिक मोहम्मद सैफ के अकाउण्ट से ट्रान्सफर कराई गई सम्पूर्ण धनराशि 2,79,891/-रू0 आवेदिक के खाते में वापस कराया गया। धनराशि वापस होने पर आवेदिक द्वारा थाना सैनी में उपस्थित होकर कौशाम्बी पुलिस व साइबर थाना/थाना सैनी टीम को धन्यवाद दिया गया।

### संकट मोचन शिव शक्ति धाम मे मनाया गया गुरु पूर्णिमा का पर्व



**कौशाम्बी।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मझनपुर संकट मोचन शिव शक्ति धाम मे पीठाधीश्वर शिव सागर मिश्रा द्वारा भव्य कथा एवं भंडारे का आयोजन किया गया है रविवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व भव्य तरीके से मनाया गया आरती यज्ञ अनुष्ठान कर गुरुओं को याद किया गया है कथा के दौरान पीठाधीश्वर शिव सागर मिश्रा ने कहा जिस तरह से आज महिलाएं भागवत कथा में आधुनिक तरह से कह रही है इससे भागवत कथा का मूल स्वरूप गायब हो रहा है इस दौरान नगर की तमाम महिलाएं मौजूद रही।

## हर वर्ग विशेष के लिऐ अत्याधिक एवम आधुनिक मशीनों द्वारा इलाज की व्यवस्था उपलब्ध

**राजधानी दिल्ली के मशहूर हड्डी रोग विशेषज्ञ अब आपके शहर भरवारी में निःशुल्क परामर्श**



मयंक केसरवानी

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद कस्बा मेहता रोड़ भरवारी के बृजेश मेमोरियल अस्पताल एवम ट्रामा सेंटर भरवारी में राजधानी दिल्ली के मशहूर एवम हड्डी के ऑपरेशन में महारथ हासिल करने वाले अनुभवी एवम अत्याधिक आधुनिक मशीनों द्वारा सभी वर्ग विशेष के लिऐ किसी भी अंग का हड्डी रोग से संबंधित हड्डी टूटने पर बृजेश मेमोरियल अस्पताल में प्रत्येक रविवार एवम सोमवार को अस्पताल के प्रमुख्य चिकित्सक मयंक केसरवानी एम बी बी एस आर्थो सर्जन स्पाइन जोड़ एवम हड्डी रोग विशेषज्ञ निशुल्क परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे उक्त आशय की जानकारी अस्पताल के प्रबंधक अर्चित केसरवानी ने दी।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने कौशांबी में मनाया 117वां स्थापना दिवस

**अखण्ड भारत संदेश**



**कौशांबी।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने कौशांबी में कई कार्यक्रमों और गतिविधियों के साथ अपना 117 वां स्थापना दिवस मनाया। 20 जुलाई 1908 को सर सयाजीराव गायकवाड़ तृतीय द्वारा स्थापित यह बैंक पिछले कुछ वर्षों में भारत के अंतरराष्ट्रीय बैंक के रूप में उभरा है।

इस दिन की शुरूआत कौशांबी जिले में आयोजित वॉकथॉन से हुई, जहां जिला विकास अधिकारी उपायुक्त स्वतः रोजगार सुखराज बंधु और पुलिस विभाग से सीओ एस के तिवारी, एसएचओ कृष्ण कुमार मौजूद थे और उनकी उपस्थिति में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसके तहत बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान मंझनपुर एवं अन्य स्थानों में 300 फल दार पौधे लगाया गया। इसके अतिरिक्त बैंक ऑफ बड़ौदा, मंझनपुर (प्रयागराज २) के सौजन्य से ग्राम न्यायालय चायल में जल कूलर/आरओ की भव्य स्थापना एडीजे हेमेन्द्र कुमार ने रिबन काटकर किया उद्घाटन, जल संरक्षण और स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम।समारोह के हिस्से के रूप में, पर्यावरण में योगदान देने के लिए कौशांबी के विभिन्न क्षेत्रों में 11,700 पेड़ लगाए गए। विभिन्न शाखाओं में ग्राहक मिलन समारोह आयोजित किए गए, जहां इस अवसर पर मिठाइयां बांटी गईं। बैंक ने ₹मानसून धमाका₹ फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) उत्पाद पेश किया, जिसमें 333 और 399 दिनों के लिए जमा राशि पर उच्च ब्याज दरें के बारे में जानकारी दी गईं। सभी कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक चंद्रकांत चक्रवर्ती ने की, जो सभी समारोहों की देखरेख करने के लिए मौजूद थे।कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों और उनके बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रदर्शनों की बहुत सराहना की गई।बैंक ऑफ बड़ौदा का 117वां स्थापना दिवस एक यादगार कार्यक्रम था, जो अपने ग्राहकों और समुदाय के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## गैर इरादतन हत्या के आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



**अझुवा कौशांबी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 12 नयानगर में 29 जून को मारपीट हो गई थी जिसमे एक युवक घायल हो गया था जिसकी 22 दिन बाद मौत हो गई सैनी कोतवाली पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था घायल युवक की शनिवार मौत होने पर 304(34) धारा परिवर्तित कर मृतक रामलखन की पत्नी रीतू की तहरीर पर सैनी कोतवाली पुलिस ने आरोपी बबलू पुत्र हीरालाल, और सुशीला देवी पत्नी हीरालाल को बीती रात्रि गिरफ्तार कर आज रविवार को जेल भेज दिया है सैनी कोतवाल जय चंद्र शर्मा ने बताया कि एक आरोपी युवक फरार है जिसे शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## चोरी की 4 बकरी बकरा के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 20/21.07.2024 की रात्रि को थाना सैनी पर ग्रमीणों द्वारा सूचना दी गयी कि ग्राम चक बख्तियारा परसीपुर में 02 लोगों को बकरी बकरा चोरी करते हुए पकड़ा गया है। सूचना पर थाना सैनी पुलिस उ०नि० रघुराज सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मौके पर पहुंचकर 02 अभिमुक्तों 1. गुड्डू उर्फ सोहेल पुत्र मो० नवाब नि० नूरी मस्जिद थाना खागा जनपद फतेहपुर 2. सलमान पुत्र सलीम नि० बरहटा थाना खखरेरु जनपद फतेहपुर को 04 राशि चोरी की बकरी बकरा व 01 अदद पिकअप वाहन सं० यूपी 78 बीडब्ल्यू 2316 के साथ चक बख्तियारा परसीपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 245/24 धारा 303(2)/317(4) बीएनएस पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया गया है।

## एक-एक पेड़, एक-एक जीवन हैं, पौधारोपण अवश्य करें : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पेड़ वर्तमान भी है और पेड़ भविष्य भी हैं**

**अखण्ड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्पोर्ट्स स्टेडियम, टेंवा में शनिवार को वन विभाग द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं एनसीसी के कैडेट को पौधा वितरित करते हुए कहा कि आस-पास के लोगों को भी पौधारोपण के प्रति जागरूक करें तथा पौधों का संरक्षण भी करें।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उ0प्र0 के लिए बहुत बड़ा दिन हैं। आज पूरे प्रदेश में 36.50 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य हैं। जनपद कौशाम्बी में भी 27 लाख 26 हजार पौधारोपण का लक्ष्य हैं। प्रधानमंत्री के आवाह्न पर एक पेड़ मॉ के नाम लगाने का अभियान हैं। उन्हांने कहा कि आज चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में पौधारोपण कर अभियान का शुभारम्भ करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, तत्पश्चात जनपद कौशाम्बी में पौधारोपण कर अभियान का शुभारम्भ करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री के आवाह्न पर मुख्यमंत्री से लेकर सभी मंत्री किसी ना किसी जनपद में इस अभियान का शुभारम्भ करने के लिए गये हैं। सभी विभाग मिलकर पौधारोपण का कार्य कर रहें हैं। उन्होंने कहा कि पहले वर्षा के समय में घर का सदस्य नीम का पेड़, आम का पेड़ या कोई और पेड़ लगाने का कार्य करते थे तथा वर्ष भर उसकी देखभाल भी करते थे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर पेड़ नहीं होगा तो वर्षा नहीं होगी, वर्षा नहीं होने से हमारे आपके बच्चों को जल के संकट का सामना करना पड़ सकता हैं, इसलिए हम सबका पहला और आखिरी धर्म है कि हम पेड़ लगायें भी और पेड़ बचायें भी। पेड़ वर्तमान भी है और पेड़ भविष्य भी हैं, पेड़ से पर्यावरण की रक्षा होती हैं प्रधानमंत्री की अच्छी सोच है कि एक पेड़ मॉ के नाम लगाने का अभियान प्रारम्भ किया। उन्होंने कहा कि आप जिनकों भी मॉ मानते हो, धरती मॉ, देवी मॉ, गंगा मॉ, यमुना मॉ एवं शीतला मॉ के नाम से पेड़ अवश्य लगाना। एक पेड़ मॉ के नाम एक अभियान है, यह अभियान पूरे देश में चल रहा हैं। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने पर्याप्त पेड़ लगाकर बचाने का कार्य नहीं किया तो अभी आषाढ़ माह में वर्षा के लिए तरस रहें हैं, आगे चलकर सावन व भादों में भी वर्षा के लिए तरसना पड़ेंगा। जब वर्षा नहीं होनी हैं तब बेतहासा वर्षा होगी तथा जब वर्षा होनी चाहिए, तब हम प्रतीक्षारत रहेंगे कि वर्षा हो जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संकल्प लेकर जायें कि एक पेड़ अवश्य लगायेंगे तथा उसका संरक्षण करेंगे। एक-एक पेड़, एक-एक जीवन हैं, पौधारोपण अवश्य करें। उन्होने ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों, समाजसेवी संस्थाओं के कार्यकताओं एवं आमजन से आवाह्न किया कि कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें व उसका संरक्षण करें। सभी लोग मिलकर अधिक से अधिक पौधारोपण करें एवं पौधों का संरक्षण करें, जिससे प्रदेश में ही नहीं देश में भी नाम हो जाये कि इस जनपद में इतने पौधें लगे और संरक्षण किया गया।

## संपादक की कलम से

# यूपी में दुकानों के बाहर नाम लिखने के फैसले को समझना जरूरी

उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार का यह फैसला जिसमें कांवड़ यात्रियों के मार्ग में आने वाली दुकानों के बाहर मालिक का नाम लिखने के निर्देश दिए गए हैं, विवादित हो गया है तो इसकी पूरी आशंका पहले से थी। सरकार के इस फैसले के पीछे कांवड़ यात्रियों की शुचिता को बनाए रखने की कोशिश बताया गया है, आरोप है कि एक धर्म विशेष के लोग इस दौरान कुछ ऐसा करते हैं, जिससे कि कांवड़ यात्रियों को शिकायत होती है, कि उनका धर्म भ्रष्ट कर दिया गया है। राज्य सरकार की ओर से धर्म के मामले में सीधे हस्तक्षेप करते हुए एक धर्म के लोगों के पक्ष में फैसला लेना पूरे प्रकरण को विवादित बना देता है। देश का संविधान एक सरकार को धर्मनिरपेक्ष होने को कहता है, लेकिन आजकल कुछ माहौल ऐसा हो गया है कि धर्म और राजनीति दोनों एक-दूसरे में पूरी तरह घुलमिल गए हैं और अब धर्मनिरपेक्षता की बात कहना हास्यास्पद लगता है। उत्तर प्रदेश ही वह राज्य है, जहां भाजपा को लोकसभा चुनाव में बेहद करारी शिकस्त मिली है। अगर यूपी ने भाजपा का साथ दिया होता तो आज केंद्र में भाजपा की अपने सांसदों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार होती। तो क्या यह माना जाए कि प्रदेश में जिस प्रकार से योगी आदित्यनाथ सरकार काम कर रही है, वह बदले की भावना से की जा रही कार्रवाई है? यह सब तब है, जब इस बार विपक्ष के हौसले बुलंद हैं। बीते दो लोकसभा चुनावों के दौरान विपक्ष एकदम हाशिये पर ही रहा है। जनता उसे नकारती रही, लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में विपक्ष ने संविधान को बदले जाने की अफवाह का सहारा लेकर जनता के मन में कुछ ऐसा भरा कि जनता ने भी उसे संजीवनी दे दी। यूपी में समाजवादी पार्टी ने जिस प्रकार शानदार कमबैक किया है, उससे पार्टी की संभावनाओं को बहुत बल मिला है। प्रदेश में इसी वर्ष अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का भी लोकार्पण हुआ, लेकिन जिस अयोध्या के लिए भाजपा और उसके संगठनों ने जीजान लगा दी, उसी अयोध्या ने उसके उम्मीदवार को हरा कर सपा के उम्मीदवार को जीता दिया। इसका संदेश क्या है।

बेशक, इन सभी आधारों को लेकर भाजपा में आजकल मंथन चल रहा है और उसी मंथन से निकले विचार प्रदेश में भाजपा नेताओं को एक-दूसरे के खिलाफ बयान देने को बाध्य कर रहे हैं। स्थिति कुछ ऐसी है कि राज्य में दोनों उपमुख्यमंत्री, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुलाई बैठक में शामिल नहीं होते। वहीं एक उपमुख्यमंत्री दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ बैठक करते हैं। प्रदेश में फिर मुख्यमंत्री के बदले जाने की चचाएं शुरू हो जाती हैं। हालांकि इस बीच सरकार इस तरह के फैसले लेकर विपक्ष और अपने विरोधियों को बोलने का और मौका दे देती है। क्या भाजपा यह मान चुकी है कि अब उसका वोट बैंक सुनिश्चित हो गया है और उसे दूसरे धर्मों के लोगों की जरूरत नहीं है।

गौरतलब यह भी है कि एक बंगाल से एक वरिष्ठ भाजपा नेता का बयान आता है कि जो भाजपा के साथ चलेगा, केवल उसी का विकास होगा। इस तरह के बयान विचित्र हैं और पार्टी के अंदर गहरे होते असंतोष के लक्षण हैं। एक वह दौर भी था, जब भाजपा ने खुद को धर्मनिरपेक्ष बनाने के लिए तमाम जत्न आरंभ कर दिए थे, लेकिन बीते लोकसभा चुनाव में भी इस तरह के बयान आने लगे थे, जिसमें कहा जाता था कि पार्टी को किसी धर्म विशेष के साथ की जरूरत नहीं है। हालांकि अब तो यह बात पुरजोर तरीके से साफ होती जा रही है। क्या वास्तव में पार्टी अपने भविष्य को लेकर चिंतित है और वह किस तरफ बढ़ रही है।

विपक्ष के वे नेता जोकि गैर हिंदुओं की राजनीति कर रहे हैं, का कहना है कि केंद्र सरकार पांच साल पूरे नहीं कर पाएगी। यूपी सरकार के दुकानों के आगे नाम लिखने के फैसले का राजग गठबंधन के नेता भी विरोध कर रहे हैं। बेशक, देश में तमाम ऐसे वाक्ये हैं, जब एक धर्म विशेष को राजनीतिकों की ओर से संतुष्ट करने के लिए तमाम जत्न किए जाते हैं। इस तरह से वे वोट भी हासिल कर लेते हैं, हालांकि अब भाजपा सरकार ने अगर ऐसा फैसला लिया है तो यह विवादित हो गया और इसे असंवैधानिक भी करार दिया जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि यूपी में ऐसे तमाम वाक्ये होते हैं, जब धर्म की आड़ में कोई अपने एजेंडे को आगे बढ़ाता है। लव जिहाद इसी तरह का प्रकरण है, वहीं खाने-पीने की चीजों के जरिये भी द्वेषपूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया जाता है। बीते वर्ष नूंह में जो हिंसा हुई थी उसके पीछे ऐसे ही कारण थे। तब सरकार की ओर से अगर कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और उनकी आस्था को कायम रखने के प्रयास के तहत ऐसा फैसला लिया गया है तो यह भी समझा जाना चाहिए।

# केंद्रीय बजट से मध्य वर्ग की उम्मीदें

**डॉ. जयंतीलाल**

पूरे देश के साथ-साथ क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों की निगाहें 23 जुलाई को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश होने वाले 2024-25 के पूर्ण बजट पर हैं. वैश्विक ब्रोकरेज कंपनी मॉर्गन स्टेनली ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय बजट में राजस्व व्यय के मुकाबले पूंजीगत खर्च पर जोर रहेगा और इससे मध्य वर्ग को लाभ हो सकता है. इसमें 2047 तक विकसित भारत के लिए खाका और राजकोषीय मजबूती के लिए मध्यम अवधि की योजना भी पेश की जा सकती है. वित्त मंत्री बजट के माध्यम से मध्य वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ाकर मांग में वृद्धि कर अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिख सकती हैं. मध्य वर्ग को राहत देने की मांग, विशेष रूप से कोरोना महामारी के बाद, लगातार तेज हुई है।

सरकार ने विगत वर्षों में जहां गरीब लोगों के लिए कई राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉरपोरेट जगत पर भी उसने ध्यान दिया. लेकिन राहत पाने में सबसे अधिक कर देने वाला मध्य वर्ग पीछे छूट गया. बीते लोकसभा चुनाव में मध्य वर्ग की नाराजगी भी दिखी है. पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने एक संबोधन में कहा है कि मध्य वर्ग देश के विकास का चालक है और यह वर्ग कैसे कुछ बचत बढ़ा सके तथा इस वर्ग के लोगों की जिंदगी कैसे आसान बनायी जा सके, इस परिप्रेक्ष्य में आगे बढ़ा जायेगा।

इस बजट के समय वित्त मंत्री के पास आयकर संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद है. पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न भरने वाले करदाताओं की संख्या और कर प्राप्ति में बड़ी वृद्धि हुई है. वित्त वर्ष 2023-24 में आयकर रिटर्न रिकॉर्ड आठ करोड़ के स्तर को पार कर चुका है और पिछले 10 वर्षों में रिटर्न भरने वाले दुगुने से अधिक हुए हैं. आयकर विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 2013-14 में आयकर संग्रह करीब 2.38 लाख करोड़ रुपये था. वर्ष 2019-20 में यह 10.5 लाख करोड़ रुपये हो गया. कोरोना काल के कारण यह 2020-21 में घटकर 9.47 लाख करोड़ रुपये हो गया. आयकर संग्रह 2021-22 में 14.08, 2022-23 में 16.64 और 2023-24 में 19.58 करोड़ रुपये हो गया.

ऐसे में सीतारमण आयकर के नये और पुराने दोनों स्लैब की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं व मध्य वर्ग को अभूतपूर्व राहतों से लाभान्वित कर सकती हैं. खास तौर से वेतनभोगी वर्ग को लाभान्वित करने के भी विशेष प्रावधान बजट में दिख सकते हैं. इसके तहत मानक कटौती सीमा को 50,000 से बढ़ाकर एक लाख रुपये तक किया जा सकता है. ज्ञातव्य है कि 2018 में मानक कटौती की सीमा 40 हजार रुपये थी, जिसे 2019 में बढ़ाकर 50 हजार रुपये किया गया था. मानक कटौती वह राशि है, जिसे वेतनभोगी करदाता अपनी कर योग्य आय में से बिना कोई सबूत दिये घटा सकता है. टीडीएस के कारण वेतनभोगी नियमानुसार ईमानदारी से आयकर चुकाते हैं और आमदनी को कम बताने की गुंजाइश नगण्य होती है।

# उप्र में भाजपा की घमासान से खुली विकास की कलई

**- लेखा रत्तनानी**

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच जबरन अलगाव ने चुनावों में कड़वाहट पैदा की है। यूपी के विपरीत जहां चुनाव के विश्लेषक खुशी-खुशी भाजपा की जीत का अनुमान लगा रहे थे। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले ही पर्यवेक्षकों को यह स्पष्ट हो गया था कि भाजपा को बड़ा झटका लगेगा। वास्तव में यही हुआ।

भारतीय जनता पार्टी की पराजय के कुछ संकेत कम से कम दो प्रमुख राज्यों- उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से मिल रहे हैं जहां भाजपा को लोकसभा चुनावों में भारी नुकसान उठाना पड़ा था और जिसके कारण नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार अल्पमत सरकार का नेतृत्व करना पड़ा है, जो पार्टी द्वारा चलाए गए '400 पार' के अभियान से काफी कमतर है।

उत्तर प्रदेश में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक ऐसा बयान दिया है जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ विद्रोह नहीं तो कम से कम एक कदम तो माना ही जा रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मौर्य ने कहा कि 'संगठन सरकार से बड़ा है और पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा का गौरव हैं।' ऐसा कहते हुए उन्होंने योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली और नौकरशाहों पर अत्यधिक निर्भरता के साथ उनके द्वारा प्रशासन चलाने को निशाने पर लिया है। नतीजतन, तर्क यह है कि पार्टी कार्यकताओं को यह महसूस हो रहा है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है या उनका काम नहीं हो रहा है और अधिकारी वर्ग हावी है- एक ऐसी शैली जिसे सीधे तौर पर आदित्यनाथ के काम करने की शैली और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य को नियंत्रित करने के तरीके के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो क्लिप में मौर्य ने एक सार्वजनिक बैठक में जोरदार तालियों के बीच कहा-'संगठन सरकार से बड़ा था, है और रहेगा। मैं खुद को पहले भाजपा का कार्यकर्ता और उसके बाद उप मुख्यमंत्री मानता हूं।'

मौर्य ने राज्य भाजपा प्रमुख भूपेंद्र सिंह चौधरी से मुलाकात की और फिर दोनों ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट की जिसके बाद चौधरी और प्रधानमंत्री के बीच बैठक हुई। ये सभी बैठकें एक के बाद एक हुईं। बयानों और बैठकों से एक स्तर पर योगी आदित्यनाथ के सरकार चलाने के तरीके से गंभीर असंतोष का संकेत मिलता है और दूसरी ओर यह इस चिंता का परिणाम है कि चुनाव में हार एक बार की बात नहीं है बल्कि पार्टी की छवि में गहरी गिरावट का संकेत है। फिर भी आदित्यनाथ को हटाना आसान नहीं होगा जो कुछ वर्गों के बीच बेहद लोकप्रिय भी हैं और जिसका जवाब अब एक सरल सा मुद्दा है- क्या यह लोकप्रियता केवल कागजों पर है या मुख्यमंत्री को उनकी



वास्तविकता से बड़ा दिखाने के लिए वर्षों से बढ़ाई जा रही है? लोकसभा चुनाव ऐसा ही संकेत देते हैं- भाजपा ने 2019 के चुनावों में 62 से कम इस बार 33 सीटें जीतीं। इसलिए यूपी में 10 विधानसभा सीटों के लिए आगामी उपचुनाव एक कठिन लड़ाई होगी और यह यूपी और देश भर में इसके नतीजों को निर्धारित कर सकती है। यहां की प्रमुख सीटों में अखिलेश यादव का करहल निर्वाचन क्षेत्र और मिल्कीपुर (अयोध्या में) शामिल हैं जहां से सपा विधायक अवधेश प्रसाद ने फैजाबाद से आश्चर्यजनक जीत हासिल कर भाजपा को चित कर दिया। अयोध्या शहर फैजाबाद निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के बीच जबरन अलगाव ने चुनावों में कड़वाहट पैदा की है। यूपी के विपरीत जहां चुनाव के विश्लेषक खुशी-खुशी भाजपा की जीत का अनुमान लगा रहे थे। महाराष्ट्र में चुनाव से पहले ही पर्यवेक्षकों को यह स्पष्ट हो गया था कि भाजपा को बड़ा झटका लगेगा। वास्तव में यही हुआ। भाजपा-शिवसेना (शिंदे गुट)-नेशनल कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के गठबंधन ने कुल 17 सीटें जीतीं जो 2019 के चुनावों में 48 में से जीती गईं 41 से कम हैं।

भाजपा ने इस बार 28 सीटों पर चुनाव लड़कर केवल नौ सीटें जीतीं वहीं कांग्रेस ने 17 सीटों पर लड़कर 13 सीटें जीतीं। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़ी पत्रिका 'विवेक' ने अब एक विश्लेषण पेश किया है जिसमें कहा गया है कि एकनाथ शिंदे, जो मुख्य शिवसेना पार्टी से अलग हो गए थे लेकिन जिन्हें 'असली' शिवसेना घोषित किया गया था, लोगों को स्वीकार्य थे। इसने कहा कि समस्या शरद पवार के भतीजे अजित पवार की अस्वीकार्यता से उत्पन्न हुई जिन पर पहले भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और फिर उन्हें एक प्रमुख सहयोगी के रूप में भाजपा में शामिल कर लिया। एनसीपी के अजित पवार गुट को अब भाजपा में शामिल करने की समझदारी पर संदेह है। महाराष्ट्र में अजित पवार गुट के विधायकों के शरद पवार के पास वापस आने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस संकट के बीच यह विश्लेषण कितना सही है कि यह अजित पवार थे, न कि संपूर्ण सुव्यवस्थित ऑपरेशन जिसने उद्धव ठाकरे की (जो कांग्रेस और एनसीपी के समर्थन से सत्ता में थे) विधिवत निर्वाचित सरकार को गिरा दिया, जिसे लोगों द्वारा अस्वीकार्य माना जाता है?

कई मायनों में ये कुछ ऐसे सवाल उठाने की कोशिशें हैं जो समस्या कि जड़ तक नहीं पहुंचतीं और जो कि भाजपा का नैतिक दिवालियापन है। यह बात स्पष्ट हो गई है कि भाजपा की छवि एक ऐसी पार्टी के रूप में है जो किसी भी कीमत पर जीतने की होड़ में है, फिर चाहे वह धन-बल हो, हिंदुत्व की राजनीति हो या विपक्षी नेताओं को दबाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जांच एजेंसियां हों। यह आम नागरिक के सामने साफ है और भाजपा का यह मानना है कि वह नैरेटिव को फिक्स कर सकती है, हेडलाइन हासिल कर सकती है या स्टोरी को अपने पक्ष में मोड़ सकती है, ऐसा लगता है कि यह इस विश्वास और अनुमान से उपजा है कि वह हर समय सभी लोगों को मूर्ख बना सकती है। 2024 के चुनाव परिणामों ने पार्टी को बता दिया है कि वह बच नहीं सकती। फिर भी भाजपा आज भी सुनने से इनकार करती है; उसके चतुर तर्क और संदिग्ध रणनीति जारी है।

वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा द्वारा खेली गई सांप्रदायिक राजनीति ने उस तरह का लाभ देना बंद कर दिया है जैसा पहले देती थी। जहां राम मंदिर का जल्दबाजी में उद्घाटन किया गया था, उस फैजाबाद में हार भाजपा के लिए केवल बड़ी पराजय का रूपक नहीं है; यह उन सभी बातों पर तमाचा है जिनका भाजपा ने अपने कार्यकाल के दौरान समर्थन किया और जिन्हें आगे बढ़ाया- धर्म और राजनीति को मिलाने के उसके विचारों से लेकर विकास के उसके विचार तक, जिसने गरीबों को विकास की मुख्यधारा से बाहर धकेलकर एक नई किस्म की चकाचौंध और एक कथित महानता को अपनाया जिसके बारे में उसे लगा कि बाहरी लोगों और धनी वर्गों के आने से अयोध्या में उसका आगमन होगा। यह निश्चित रूप से गरीब विरोधी दृष्टिकोण व्यापक हो गया है और इसे भाजपा के अलावा हर कोई इसी रूप में देखता है। पार्टी ने भारत के 60 प्रतिशत लोगों को मुफ्त खाद्यान्न वितरण के साथ इस विमर्श को गढ़ने की कोशिश की है कि यह एक ऐसा दान है जो शीर्ष से नीचे उतरते विकास मॉडल को उजागर करता है। उसे ही बढ़ावा देने का उस पर आरोप है और जो भारत के लिए एक स्थायी विकास की कहानी नहीं बना सकता है।

**(लेखक द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)**

# साइबर अपराध : सावधानी ही बचाव है

**सतीश सिंह**

भारत में साइबर अपराधों में काफी विविधता आयी है. ह्यतू डाल-डाल, मैं पात-पातह्ल की तर्ज पर अपराधी अब नये-नये तरीकों से साइबर अपराध को अंजाम दे रहे हैं. एक नया तरीका ह्यडिजिटल हाउस अरेस्टह्ल है. इस तकनीक की मदद से ऑनलाइन फ्रॉड में काफी तेजी आयी है. मसलन, 11 मई को एक बुजुर्ग डॉक्टर को डिजिटली हाउस अरेस्ट कर 45 लाख रुपये ठगे गये, 15 अप्रैल को इंदौर के एक दंपत्ति को 53 घंटों तक हाउस अरेस्ट कर रखा गया और लाखों रुपये उगाहे गये, छह जुलाई को वाराणसी में तीन दिन तक डिजिटल हाउस अरेस्ट के जरिये सोनारपुरा के निहार पुरोहित से 28.75 लाख रुपये ठगे गये। ऑनलाइन गेमिंग के जरिये भी ठगी हो रही है. कूरियर, रिश्तेदार, दोस्त की गिरफ्तारी आदि की धमकी, अश्लील वीडियो आदि तरीकों की मदद से ठगी की वारदातों में तेजी आयी है. स्नैप चैट, फेसबुक और इंस्टाग्राम भी अब ठगी के साधन बन गये हैं. मित्र या रिश्तेदार की फर्जी प्रोफाइल बना कर ऐसा किया जा रहा है. भारतीय रिजर्व बैंक की हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023 में भारत में 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की गयी है और पिछले दशक में भारतीय बैंकों में 65,017 धोखाधड़ी के मामले दर्ज हुए हैं. ये आंकड़े निश्चित ही डराने वाले है।

हाल के वर्षों में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिये साइबर अपराध करने की घटनाओं में उल्लेखनीय तेजी आयी है. टेलीकॉम कंपनियां उपभोक्ताओं को कॉल फॉरवर्डिंग की सुविधा देती हैं, जिसके तहत कॉल एवं एसएमएस को फॉरवर्ड किया जाता है. इसका इस्तेमाल उपभोक्ता तब करते हैं, जब वे किसी जरूरी काम में व्यस्त होते हैं, ताकि कोई अहम कॉल न छूटे. इसके जरिये स्कैमर कॉल कर उपभोक्ताओं को यह कहता है कि हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं और हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है, इस समस्या को दूर करने के लिए आपको ह्यस्टार 401 हैशटैगह्ल नंबर डायल करना होगा।

फिर उपभोक्ता को अनजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है. जैसे ही उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं. अनुसंधानकताओं की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल में ह्यविश्व साइबर अपराध सूचकांकह्ल तैयार किया है. इसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है. इस सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है. साइबर अपराध के मामले में रूस शीर्ष पर है. इसके बाद यूक्रेन, चीन, अमेरिका, नाइजीरिया, रोमानिया और उत्तर कोरिया का स्थान है.

बीते कुछ वर्षों से गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जवाब ढूंढ रहे हैं. इसे दृष्टिगत कर ठग विभिन्न नामचीन एप के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं, जिसके कारण खुद से लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं. अब तो ब्राउजर एक्सटेंशन के डाउनलोडिंग से भी ठगी हो रही है. सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं. अनेक ब्राउजर के माध्यम से किये गये ऑनलाइन लेन-देन उनके सर्वर में सेव हो जाते हैं, जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करना होता है, पर लोग ऐसा नहीं करते हैं और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है.

फिशिंग के तहत किसी बड़ी या नामचीन कंपनी या फिर यूजर की कंपनी का फर्जी वेबसाइट बना कर लुभावने मेल किये जाते हैं, जिसमें मुफ्त या सस्ते में महंगी चीज देने की बात होती है. मोबाइल का चलन बढ़ने के बाद हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं, जिसमें मैलवेयर युक्त हाइपर लिंक होता है. मैलवेयर कंप्यूटर या मोबाइल या टैब में इंस्टॉल सॉफ्टवेयर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ यूजर की जानकारी चुरा लेता है. यह यूजर की जानकारी के बिना उसके ईमेल से फर्जी ईमेल भी भेज सकता है और ठगी के साथ-साथ संवेदनशील जानकारी अवांछित लोगों को बेची भी जा सकती है. इसकी मदद से किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा को भी धूमिल किया जा सकता है.

आजकल साइबर अपराधी लोगों को बिना कर्ज लिये ही कर्जदार बताकर उनसे पैसों की वसूली कर रहे हैं. ऐसी ब्लैकमेलिंग छोटी राशि के लिए ज्यादा की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग पुलिस में शिकायत न करें. लोन रिकवरी एजेंट धमकी देते हैं कि पैसे नहीं देने पर आपकी आपत्तिजनक तस्वीरें इंटरनेट पर डाल दी जायेंगी. मोबाइल एप से लोन लेना खतरनाक है. ब्राउजिंग सेशन के दौरान संदेहास्पद पॉप अप और साइटों से सतर्क रहें, वेबसाइट या मोबाइल या पब्लिक लैपटॉप या डेस्कटॉप पर कार्ड की जानकारी साझा नहीं करें, अनजान नंबर या ईमेल आईडी से आये अटैचमेंट को तुरंत डिलीट कर दें और ऑनलाइन लॉटरी, कैसीनो, गेमिंग, शॉपिंग या फ्री डाउनलोड वाले मैसेज की उपेक्षा करें, तो ठगी से बचा जा सकता है. ऐसे मामलों में सावधानी ही बचाव है।

# आर्टिफिशल इंटेलिजेंस और मीडिया के उलझे रिश्ते

**-प्रो. (डॉ.) संजय द्विवेदी,**
**पूर्व महानिदेशक, भारतीय जन संचार संस्थान, नई दिल्ली**

माननीय प्रधानमंत्री जी हम आभारी हैं कि आप हमारे बीच आए। मेरी ऑन दी जॉब लर्निंग अब शुरू हो गई है और 2024 तक मैं देश की सबसे अच्छी जर्नलिस्ट होने की कोशिश करूंगी। उम्मीद करती हूं कि तब आपसे एक एक्सक्लूसिव इंटरव्यू करने का मौका मुझे मिलेगा। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ये शब्द हैं भारत की पहली एआई बॉट एंकर सना के। आर्टिफिशनल इंटेलिजेंस के मीडिया जगत में बढ़ते इस्तेमाल की कई संभावनाएं हैं। इसी में से एक है कि आने वाले समय में देश के प्रधानमंत्री एक एआई एंकर से देश के भविष्य और योजनाओं के बारे में चर्चा करते दिखें।

दरअसल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के 'टेक्स्ट टू स्पीच' फीचर की बदौलत अब भारतीय न्यूजरूम में मशीन को इंसानी चेहरे में ढालकर खबरें पेश की जा रही हैं। पिछले साल अप्रैल के महीने में इंडिया टुडे ग्रुप ने एआई एंकर से समाचार बुलेटिन का प्रसारण शुरू किया था। लॉन्च कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एंकर का परिचय देते हुए कहा गया था कि वह ब्राइट है, सुंदर है, उम्र का उन पर कोई असर नहीं होता है और न ही कोई थकान होती है, वो बहुत सारी भाषाओं में बात कर सकती हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारी दुनिया को फिर से परिभाषित करने, मानवीय क्षमता की सीमाओं को पार करने और अभूतपूर्व पैमाने पर उद्योगों और अर्थव्यवस्थाओं को नया आकार देने के लिए तैयार है। मीडिया और मनोरंजन के क्षेत्र में, एआई का आगमन कंटेंट क्रिएटर्स को सामग्री निर्माण के लिए शक्तिशाली उपकरणों से सशक्त बना रहा है, नए अनुभवों को अनलॉक कर रहा है और कलात्मक अभिव्यक्ति के विभिन्न रूपों का उपभोग करने, बनाने और उनसे जुड़ने के तरीके को हमेशा के लिए बदल रहा है।

हाल के कुछ समय से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बहुत चर्चा का विषय बना हुआ है और पत्रकारिता का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रह रहा है। मौजूदा समय में भारत की मेनस्ट्रीम मीडिया का बड़ा हिस्सा विज्ञापन पर निर्भर होकर काम कर रहा है। ऐसे में तकनीक के जरिये डेटा के आधार पर समाचार बुलेटिन प्रस्तुत करना और अन्य काम भी इंसान की जगह मशीन की



बदौलत होने ने मीडिया इंडस्ट्री के सामने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पत्रकारिता के भविष्य से लेकर पत्रकारिता करने वालों के भविष्य को लेकर भी संकट खड़ा होने की बात कही जा रही है। लेकिन एआई पत्रकारिता वास्तव में क्या है? क्या यह चिंता का एक विषय है या फिर सूचना जगत में एक ऐसी नई क्रांति है, जो पत्रकारिता के सही आयाम स्थापित करने में कामयाब हो पाएगी

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और पत्रकारित

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमारे जीवन के लगभग सभी पहलूओं समेत पत्रकारिता में भी शामिल हो गई है। डिजिटल मीडिया की वजह से जाने-अनजाने में ही एआई तकनीक पर आधारित कंटेंट का इस्तेमाल कर रहे हैं। चाहे वह यू-ट्यूब के एल्गोदिरम की वजह से आपको दिखते वीडियो हों या वेबसाइट पर दिखने वाले विज्ञापन। सभी का एक कारण एआई तकनीक ही है। सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव की वजह से एआई पत्रकारिता में बड़ी भूमिका निभा रहा है। मीडिया कंपनियां अपने कंटेंट को अधिक बूस्ट करने के लिए एआई की मदद ले रही हैं। लेख लिखने से लेकर बुलेटिन प्रसारित करने तक में एआई का सहारा लिया जा रहा है। दुनिया भर के बड़े-बड़े मीडिया हाउस एआई द्वारा लिखे लेख को प्रकाशित कर रहे हैं। एक तरफ तो यह काम को आसान और तेजी से कर रहा है, दूसरी ओर यह कई सवाल भी खड़े करता है जिसमें विश्वसनीयता और अखंडता सबसे पहले है। साथ ही क्या सजृनशीलता पर आधारित क्षेत्र में एआई से डेटा आधारित बातचीत और जानकारी, पत्रकारिता के धरातल पर काम कर पाएगी? पत्रकारिता के सबसे मजबूत और शुरूआती मूल्य 'ग्राउंड रिपोर्टिंग' का भविष्य इससे बच पाएगा?

### खतरे में पत्रकारों की नौकरियां

इंसान की जगह मशीन के इस्तेमाल होने का पहला खतरा इंसानों पर ही पड़ता है। 'न्यूजजीपीटी', दुनिया का पहला समाचार चैनल है, जिसका पूरा कंटेंट आर्टिफिशल इंटेलिजेंस द्वारा तैयार किया जा रहा है। चैनल के प्रमुख एलन लैवी ने इसे खबरों की दुनिया का गेम चेंजर कहा था, क्योंकि ना इसमें कोई रिपोर्टर है और ना ही यह किसी से प्रभावित है। यहां यही बात मीडिया जगत में काम करने वाले लोगों के लिए बड़ा खतरा है। जैसे-जैसे मीडिया के क्षेत्र में एआई का प्रभुत्व बढ़ रहा है, वहां मौजूदा लोगों की नौकरियों पर तकनीक का कब्जा होने की संभावना ज्यादा नजर आ रही है। लेखन, संपादन, एंकरिंग, प्रस्तुतीकरण तक के सारे कामों में एआई का सहारा लिया जा रहा है।

बीबीसी द्वारा प्रकाशित एक समाचार के अनुसार साल 2020 में माइक्रोसॉफ्ट ने बड़ी संख्या मे 'एमएसएन' वेबसाइट के लिए लेखों के चयन, क्यूरेटिंग, हेडलाइन तय करने और एडिटिंग करने वाले पत्रकारों की जगह स्वचलित सिस्टम को अपनाने की योजना बनाई। खबर के अनुसार कंपनी ने एआई तकनीक के सहारे खबरों के प्रोडक्शन के कामों को पूरा करना तय किया। माइक्रोसॉफ्ट जैसी अन्य टेक कंपनियां मीडिया संस्थानों को उनका कंटेंट इस्तेमाल करने के लिए भुगतान करती हैं। इन सब कामों के लिए पेशेवर पत्रकारों की मदद ली जाती आई है, जो कहानियां तय करने, उनका प्रकाशन कैसे होना है, हेडलाइन तय करने जैसे काम करते हैं। लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के एआई तकनीक के इस्तेमाल के बाद से लगभग 50 न्यूज प्रोड्यूसर्स को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी।

ठीक इसी तरह साल 2022 के अंत में अमेरिकी टेक्नोलॉजी न्यूज वेबसाइट 'सीएनईटी' एआई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए चीजें अलग ही स्तर पर ले गई। कंपनी ने एआई प्रोग्राम के तहत लिखे गए दर्जनों फीचर लेख चुपचाप तरीके से प्रकाशित किए। जनवरी 2023 तक कंपनी ने इन सब अटकलों की पुष्टि नहीं की थी, जिसे केवल एक प्रयोग बताया जा रहा था। इतना ही नहीं एसोसिएटेड प्रेस ने भी अपनी कहानियों के लिए एआई का इस्तेमाल किया। ये सब बातें बताती हैं कि कैसे समाचारों को चुनने, उनको व्यवस्थित करने के लिए काम करने वाले मीडिया के पेशेवरों की नौकरियां एआई ले रहा है।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अपने शुरुआती दौर में है, लेकिन अभी से न्यूजरूम के भीतर उसकी मौजूदगी से मीडिया पेशवरों की नौकरियों पर संकट बनना शुरू हो चुका है। डायच वेले के अनुसार हाल ही में यूरोप के सबसे बड़े पब्लिकेशन हाउस 'एक्सल स्प्रिंगर' ने कई संपादकीय नौकरियों को एआई में बदल दिया है। स्प्रिंगर में नौकरियों की कटौती से मीडिया उद्योग के रोबोट पर निर्भरता की आशंकाओं में तेजी ला दी है।

### न्यूजरूम में एआई एंकर

भारत समेत कई अन्?य देशों में न्यूज एंकर के तौर पर कम्प्यूटर जनित मॉडल यानी एआई एंकर समाचार पढ़ते नजर आ रहे हैं। बहुत हद तक इंसानी तौर पर दिखने वाले ये न्यूज एंकर कॉर्पोरेट मीडिया हाउस के मुनाफे वाले दृष्टिकोण से हितैषी हैं, क्योंकि इन्हें न कोई सैलरी की आवश्यकता है, ना छुट्टी की। ये 24 घंटे और सातों दिन डेटा के आधार पर काम कर सकते हैं। भारत की पहली एआई न्यूज एंकर सना के लॉन्च के समय इसी तरह के शब्द कहे गए थे कि वह बिना थके लंबे समय तक काम कर सकती है।

द गार्डियन के अनुसार साल 2018 में चीन की न्यूज एजेंसी 'शिन्हुआ' पहला एआई न्यूज एंकर दुनिया के सामने लाई। इस एजेंसी के किउ हाओ पहले एआई एंकर हैं, जिसने डिजिटल वर्जन पर समाचार प्रस्तुत किया। शिन्हुआ और चीनी सर्च इंजन सोगो द्वारा यह एआई एंकर विकसित किया गया है। प्रकाशकों ने चीन के वार्षिक वर्ल्ड इंटरनेट कॉन्फ्रेंस के क्रार्यक्रम के दौरान इसकी घोषणा की थी। इसी से जुड़ी दूसरी के अनुसार पिछले वर्ष चीन ने एआई महिला न्यूज एंकर रेन जियाओरॉन्ग को लॉन्च किया। चीन सरकार केंद्रित पीपल्स डेली अखबार ने दावा किया है कि इस एआई न्यूज एंकर ने हजारों न्यूज एंकर्स से स्किल सीखे हैं और वह 365 दिन 24 घंटे लगातार खबरें बता सकती है। चीन के अलावा कुवैत भी अपना एआई न्यूज एंकर लॉन्च कर चुका है।

## भूमि संरक्षण पर भीठा-मेडबन्दी कार्य में धांधली का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष लवलेश यादव ने मानिकपुर तहसील के जिगनवार व डोंडामाफी गांव में भीठा व मेडबन्दी में धांधली बाबत शिकायत सीडीओ से की है। बताया कि क्षेत्र भ्रमण में ग्रामीणों ने बताया कि मानिकपुर तहसील में भूमि संरक्षण विभाग में जिगनवार में कराये भीठा व मेडबन्दी के कार्य में जेई महेश पाल व कार्य प्रभारी ने मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। रविवार को उन्होंने ग्रामीणों के हवाले से कहा कि मानक अनुसार भीठा निर्माण नहीं हो रहा। जो कार्य भीठा में हुए हैं। वह मानक अनुसार नहीं है। भीठा पर मिट्टी डलवायी जा रही है। भीठा में कच्चा व पक्के कार्य मानक अनुसार नहीं हो रहे। भीठा निर्माण को सरकार लाखों रुपये का बजट विभाग को देती है। विभाग बजट को ठिकाने लगा रहा है। उन्होंने इस कार्य की जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है।

# गुरु पूर्णिमा पर उमड़ा जनसैलाब

## गुरु पूजन कर की कामदगिरि की परिक्रमा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से चित्रकूट में मनाया गया। परिक्रमा मार्ग, सती अनसुईया, गुप्त गोदावरी, हनुमान धारा, कांच मंदिर, प्रमोद वन, जग निवास समेत मठ-मंदिरों में भक्तों की कतार लगी रही। दूर-दराज से आये श्रद्धालु गुरु पूजन कर मंदाकिनी स्नान कर भगवान कामतानाथ की परिक्रमा कर रहे हैं।

रविवार को कांच मंदिर प्रमोद वन में जगदगुरु रामभद्राचार्य महाराज के यहां गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के श्रद्धालु आये। गुरु पूजन व गुरु दीक्षा ले रहे हैं। उनके यहां गुरु दीक्षा कार्यक्रम तीन दिन चलेगा। सद्गुरू सेवा संघ ट्रस्ट रघुवीर मंदिर में गुरु पूजन को गुजरात से लाखों की तादाद में भक्त आये हैं। जगह-जगह भंडारे हो रहे हैं। परिक्रमा मार्ग के बगल में जग निवास पर भागवत रत्न नवलेश दीक्षित के जग निवास में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ा है। मंदाकिनी नदी किनारे भारत मंदिर में दिव्य जीवनदास महाराज के यहां श्रद्धालु गुरु पूजन बाद गुरु दीक्षा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुरु का स्थान ब्रह्मा से भी ऊपर माना गया है। ये अनादि काल से परंपरा चली आ रही है।



गुरु पूजा करते श्रद्धालु।

इसी क्रम में गुरुपूर्णिमा पर कामदगिरि पीठाधीश्वर जगदगुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज व कामतानाथ मन्दिर के अधिकारी स्वामी मदनगोपाल दास महाराज का पूजन सम्मान कर समाजसेवी शानू गुप्ता ने भक्तों के साथ आशीर्वाद लिया। व्यापारी नेता शानू गुप्ता ने कहा कि सनातन हिन्दुत्व की पहचान संतों-गुरुओं से है। सम्पूर्ण भारत में चित्रकूटधाम ऋषियों की साधना का सबसे बड़ा केन्द्र है। संत हमारी पहचान-हमारे आदर्श हैं। जो हमें ईश्वर से जोड़ने का मार्ग बताते हैं। गुरु का मानव जीवन में विशेष योगदान है।

# प्रतिभाशाली बच्चों की मदद करेगा पटेल संस्थान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पटेल सेवा संस्थान ने श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कॉलेज में अवधेश सिंह पटेल की अध्यक्षता में संस्थान के संरक्षक नत्थूराम सिंह पटेल की मौजूदगी में हुई बैठक में कहा कि पटेल सेवा संस्थान समाज के उद्यमी व मेधावी छात्रों जो प्रतियोगी परीक्षाओं में धन के अभाव से तैयारी नही कर पाते, उनको तैयार को धन का प्रबंध करेगा, ताकि पटेल समाज के बच्चे सिविल सर्विस में प्रतिभा दिखा सकें।

रविवार को हुई बैठक में अध्यक्ष महेन्द्र सिंह पटेल ने कहा कि पटेल समाज मे ग्रामीणों क्षेत्रों में शिक्षा का अभाव है। सरकारी योजनाओं का लाभ नही मिल रहा। विकलांग बच्चों की पेंशन व शिक्षा,



बैठक करते पटेल समाज के लोग।

वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन के क्षेत्र में गांव-गांव पटेल सेवा संस्थान शिविर लगाकर कार्य करेगा। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिल सके। संस्थान जल्द पत्रिका का विमोचन करायेगा। संस्थान के उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित कर लोगों को जोड़ने का काम होगा, ताकि समाज में जागरूकता लाई जा सके। इस मौके पर दिलीप सिंह पटेल, गौदीन पटेल, त्रिभुवन सिंह पटेल, रामदयाल पटेल, डॉ प्रभु सिंह पटेल, प्रबन्धक कमलेश सिंह पटेल, उग्रसेन पटेल, देवेन्द्र सिंह पटेल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में वारंटी।

# पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी को दबोचा है।

रविवार को प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा सिद्धनाथ राय ने सिपाही राघवेन्द्र पटेल के साथ हादसे के वारंटी राजकुमार पुत्र त्रिभुवन प्रसाद उर्फ पलोधर यादव नांदिन कुर्मियांन को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा रामकुमार ने सिपाही विवेक सिंह के साथ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी व एससी-एसटी एक्ट के वारंटी शंकरदीन पुत्र बैजनाथ भरथौल को गिरफ्तार किया।

# हिरासत में मौत पर 38 पर रिपोर्ट दर्ज, 20 नामजद, 15 अज्ञात पर रिपोर्ट

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** 19 जुलाई को थाना मानिकपुर में हिरासत में हिमांशू उर्फ अंशू आरख (23) पुत्र स्व नत्थू आरख निवासी आर्यनगर की मौत मामले में जाम लगाये 38 लोगों पर थाना प्रभारी प्रभुनाथ यादव ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। मामला दर्ज होने से जाम लगाये लोगों में खलबली मची है। लोगों ने कहा कि पुलिस हिरासत में हत्या का विरोध करना अपराध है तो वे अपराधी हैं।

रविवार को जाम लगाये लोगों पर रिपोर्ट का खुलासा हुआ। बताया गया कि मानिकपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक प्रभुनाथ यादव ने थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि 15 जुलाई को

## हिरासत में मौत का विरोध है अपराध?

कस्बा मानिकपुर में डाटपुल चैराहा पर सवेरे दस बजे से पांच बजे तक अंजनी शुक्ला पुत्र जनार्दन निवासी गर्गनपुरवा सरैंया, अव्वयशरण गौतम पुत्र नवीन गौतम आर्यनगर, मोन्टी गुर्जर पुत्र गुड्डू गुर्जर, अर्पित केशरवानी पुत्र अज्ञात, सनी गौतम पुत्र माधव, दीपक उर्फ बेटू गुप्ता पुत्र महेश गुप्ता, नितिन सेठिया पुत्र रामानन्द, साकेत गुप्ता पुत्र अज्ञात, सदानन्द केशरवानी पुत्र लल्लू, राहुल गुर्जर पुत्र अज्ञात, अशोक साहू पुत्र मुन्नीलाल, सतानन्द साहू उर्फ बृजेश पुत्र अज्ञात, पीयूष गुर्जर पुत्र अज्ञात, किशन गुर्जर पुत्र अज्ञात, अनमोल केशरवानी पुत्र अज्ञात, चन्दू केशरवानी पुत्र अज्ञात, आशू खटिक पुत्र अज्ञात, मोनू खटिक पुत्र अज्ञात, शोभित केशरवानी पुत्र अज्ञात, शिवेन्द्र सिंह उर्फ शिवा पुत्र अज्ञात व दस-15 अज्ञात लोग जाम लगाये थे। जाम से आने-जाने वाले लोगों का रास्ता बाधित था। जाम में महिलायें, बच्चे, बीमार व एम्बुलेंस फंसी थी। बाजार बन्द करा रहे थे। डाटपुल चैराहे पर दो-ढाई सौ लोग चारों ओर जबरियां लोगों को रोक रहे थे।

उन्होंने रिपोर्ट में कहा कि स्टेशन प्रबंधक मानिकपुर ने सूचना भेजी थी कि गाडी नम्बर 22184 के चालक ने बताया कि मानिकपुर सेक्सन में 1257/41-42 के बीच अज्ञात व्यक्ति की कटने से मृत्यु हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक अज्ञात के शव को मर्चरी में रखवाया। मृतक का नाम हिमांशू उर्फ अंशू आरख पुत्र नत्थू आरख आर्यनगर निकलने पर शव को डाटपुल चैराहे पर रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर डीएम-एसपी, एसडीएम, एएसपी आदि पहुंचे। लोगों को समझा-बुझाकर छह-सात घंटे बाद जाम खुलवाया जा सका। इससे लोगों को भारी परेशानी हुई है। ये दंडनीय अपराध है। घटना की रिपोर्ट होने पर लोगों में खलबली मची है। लोगों ने कहा कि हिरासत में मौत का विरोध करना अपराध है तो वे अपराधी हैं।

# बेकाबू बाइक ट्रैक्टर में घुसी, तीन घायल

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाने के मनकुंवार गांव के पास परदवां मऊ संपर्क मार्ग में बनी पुलिया में ट्रैक्टर के पीछे से बेकाबू बाइक घुस गई। बाइक को बचाने के फेर में ट्रैक्टर भी बेकाबू होकर पुलिया के नीचे पलट गया। तीन लोग घायल हो गये।

ये हादसा रविवार को दोपहर 12 बजे हुआ। बताया गया कि ट्रैक्टर सवार तीन लोग हादसे में घायल हो गये। मंडौर गांव के राकेश (22) पुत्र दिनेश बबूल की लकड़ी लेने मनकुंवार गया था। मनकुंवार स्थित परदंवा मऊ संपर्क मार्ग की खस्ताहाल सड़क पर बनी पुलिया में बेकाबू बाइक अचानक ट्रैक्टर के पीछे पहिया में घुस गई। बाइक को बचाने के फेर में ट्रैक्टर बेकाबू होकर पुलिया के नीचे पलट गया। आनन-फानन में लोगों ने बांस-बल्ली की मदद से ट्रैक्टर के नीचे दबे लोगों को निकाला। किसी को गंभीर चोंट नहीं लगी। लोगों ने ट्रैक्टर सवार शिवकुमार (60) पुत्र सूरजदीन, शारदा प्रसाद (23) पुत्र शिवचंद्र व ट्रैक्टर चालक राकेश (22) पुत्र दिनेश मंडौर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में भर्ती कराया। प्राथमिक इलाज बाद उन्हें घर भेज दिया। बाइक में सवार संतरा देवी (45) पत्नी माता प्रसाद निवासी मंडौर का भी इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में हुआ।

# हर्षोल्लास से गौरी-जया-पार्वती व्रत सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज की तपोस्थली जानकीकुण्ड चित्रकूट स्थित श्री रघुवीर मन्दिर ट्रस्ट पिछले 40 वर्षों से प्रतिवर्ष गौरी-जया-पार्वती व्रत करा रहा है। सदगुरु महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती ऊषा बी जैन ने बताया कि ये व्रत प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी से श्रावण कृष्ण द्वितीया तक पांच दिनों तक मनाया जाता है।

रविवार को कुंवारी बालिकायें भगवान शिव व माता पार्वती की



गौरी-जया व्रत करती बालिकायें।

अराधना, पूजा व उपासना करती हैं। इस वर्ष ट्रस्ट परिवार की 125 बालिकायें व्रत में शामिल हुईं। प्रथम दिवस जवारारोपण के साथ ये व्रत शुरू हुआ। प्रतिदिन नित्य नियम पूजन आदि के साथ अंतिम दिन माता का रात्रि जागरण होता है। बालिकायें धार्मिक प्रसंगों पर विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती हैं। अंत में जवारा विसर्जन के साथ व्रत का उद्यापन होता है। इस कार्यक्रम में भारत भर से आने वाले गुरुभाई-बहनें व शिष्य परिवार बढ़-चढ़कर शामिल होते हैं। व्रत करने वाली बालिकाओं को देवी का स्वरुप मानकर उनके चरण छूकर पूजन कर पुण्य प्राप्त करते हैं।

### बरवार में किसानों को नहीं मिल रही सम्मान निधि

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ ब्लॉक के बरवार गांव में भारी तादाद में किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि न पहुंचने बाबत प्रधान प्रतिनिधि विमलेश ने जिलाधिकारी से मांग किया है कि बरवार में किसान सम्मान निधि पहुंचाने को शिविर लगाया जाये। रविवार को प्रधान प्रतिनिधि विमलेश ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को कैंप लगाने को कहें, ताकि लाभार्थियों को लाभ मिल सके। प्रधान प्रतिनिधि बरवार ने कहा कि ग्राम पंचायत बरवार में भारी तादाद में किसानों के खातों में सम्मान निधि नही आ रही। कृषि विभाग के कार्यालय के लोग चक्कर लगा रहे हैं। विभागीय अधिकारियों की मनमानी व तानाशाही के लोग शिकार हो रहे हैं। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को गांव में शिविर लगाकर सम्मान निधि की समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# सावन के पहले सोमवार की एसडीएम ने की तैयारी

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** गोस्वामी तुलसीदास जी की जन्मस्थली राजापुर समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सावन के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने कस्बे के द्वादश शिवालयों का भ्रमण कर साफ-सफाई व सुरक्षा के निर्देश दिये। एसडीएम ने कहा कि सावन माह में शिवभक्तों के पूजा-अर्चनाव रुद्राभिषेक को लोगों का तांता लगता है। शिव मन्दिरों में हर-हर महादेव के जयकारों से तुलसी नगरी गुंजायमान हो जाती है।

रविवार को सावन के पहले सोमवार सोमवार से कस्बे के देवीदयाल शिवाला सब्जी मण्डी, हनुमान मन्दिर रोड शिवाला, अर्धनारेश्वर शिवाला, शिवहरे शिवाला व कस्बे के द्वादश शिवालयों में शिवभक्त भक्ति भाव से पूजा-अर्चना करने की पुरानी परम्परा है। शिवभक्तों ने शिवालयों को भव्यता से सजाया है। सावन माह का महत्व वेद, पुराणों, शास्त्रों व शिवपुराण में भगवान शिव हिन्दू संस्कृति के प्रणेता आदिदेव महादेव है। ग्रन्थों अनुसार 33 कोटि देवताओं में भगवान शिव सृष्टि के तीनों लोकों में अलग अलौकिक शक्ति वाले देव माने जाते हैं। भगवान शिव पृथ्वी पर निराकार-साकार स्वरूप में निवास करते हैं। भगवान शिव की सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान देव के रूप में पूजा होती है। ईओ बीएन कुशवाहा को एसडीएम ने निर्देश दिये कि कस्बे के अंदर सभी शिव मंदिरों के आसपास साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था तथा अन्ना गौवंशों को संरक्षित करें। शिव भक्तों में अशोक द्विवेदी, दीपक कुमार जायसवाल, मुन्ना चौरसिया, देवकीनंदन मोदनवाल, दीपक श्रीवास्तव, जगदीश जायसवाल, रमेश मोदनवाल, राकेश नामदेव आदि भक्त प्रतिदिन मन्दिरों में अलग-अलग श्रृंगार करेंगे। कस्बे के द्वादश शिवालयों में शांति व्यवस्था बनाये रखने को एक पुरुष व एक महिला सिपाही तैनात रहेंगे।

# पतंजलि की महिलाओं ने मनाया गुरु पूर्णिमा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि योग समिति ने गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया। जिला महिला प्रभारी मंजू केशरवानी ने बताया कि पुरानी बाजार स्थित लिटिल किंगडम स्कूल परिसर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। सभी योगिनी बहनों ने भजन से गुरु के चरणों में स्नेह अर्पित कर गुरु दक्षिणा किया।

रविवार को भारत स्वाभिमान की महामंत्री मीरा श्रीवास्तव ने बताया कि संगठन में सहयोग करने वाली सभी बहनों को भगवा दुपट्टा भेंटकर सम्मानित किया। जिला संगठन मंत्री सरोज जैन ने बताया कि जिले में लगने वाली सभी योग कक्षा की योगिनी बहनें कार्यक्रम में शामिल हुईं। मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी जयश्री जोग को शाल



गुरु पूर्णिमा पर्व मनाती महिलायें।

पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर निर्मला आर्या, विमल आर्या, मंजू अग्रवाल, माधुरी सिंह, अंजू अग्रवाल, वीणा बांधवकर, मीरा चौरसिया, मनीषा केसरवानी, लालमणि गुप्ता, रेणुका मिश्रा, साधना, ज्योति जैन, ममता जैन, अनीता सिंह, अंशु सोनी, शोभा गुप्ता, गुड़िया, सुमन, नीलम जैन, श्रद्धा, पद्यमा सिंह, रमा, रानी दास, अमिता, शालिनी, मीना अग्रवाल, ज्योति, कामना, अर्पणा, रानी केसरवानी समेत एक सैकड़ा महिलायें शामिल रहीं।

# तुगलकी फरमान को वापस ले सरकारः रुद्र

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माकपा जिला कमेटी सचिव का रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने उप्र व उत्तराखंड की भाजपा सरकार तथा मुजफ्फरनगर के पुलिस अधीक्षक के तुगलकी फरमान की निंदा करते हुए विभाजनकारी आदेश को वापस लेने की मांग की है। रविवार को पार्टी कैंप कार्यालय में का चुनकूराम पाल एड की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकार के नफरती फरमान की निंदा हुई। बैठक में का रुद्र प्रसाद मिश्र एड जिला सचिव ने कहा कि भारत की कम्युनिस्ट पार्टी प्रदेश व उत्तराखंड भाजपा सरकार के फैसले की कड़ी निंदा करता है। जिसमें कांवड़ यात्रा के पूरे रास्ते में सभी खानपान की दुकानों को निर्देश दिये हैं कि मालिकों के नाम प्रदर्शित करें। का मिश्र ने कहा कि फरमान से साफ है कि भाजपा सरकारों का मकसद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़ाना व धार्मिक समुदायों के बीच तनाव को पालना-पोसना है। भाजपा सरकारों का ये कदम सरासर असंवैधानिक है। सभी नागरिकों को बराबरी के बुनियादी सिद्धांत की जड़ पर आघात करता है। इसका फौरी मकसद सांप्रदायिक ध्रुवीकरण बढ़ाना है। भाजपा की सरकारों की ये कार्यवाही जल्द जातिगत तनावों को बढ़ाने व जाति-आधारित सामाजिक उत्पीड़न को तीखा करने की ओर ले जा सकती हैं। भाजपा समाज को मनुस्मृति के हिसाब से नये सिरे से ढालना चाहती है। संविधान व उसमें दी गयी नागरिकों को स्वतंत्रता, समानता, भाईचारा, न्याय की गारंटी को नकारना चाहती है। घटक दलों के नेताओं को ये सुनिश्चित करना चाहिए कि विभाजनकारी व खतरनाक पैंतरों की इजाजत न दी जाये।

# क्षमतानुसार खिलाड़ियों को मौका देगी एक खेल एक विद्यालय योजना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित विद्यालयों में अच्छे खिलाड़ियों का चयन कर उनके खेल कौशल को निखारा जाएगा। शासन ने एक खेल एक विद्यालय योजना शुरू की है। माध्यमिक विद्यालयों में खेलकूद का बेहतर माहौल बनाया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय एक खेल में बच्चों को निखारेंगे। ब्लाक से लेकर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। विद्यालयों को खेल का चयन कर जिला विद्यालय निरीक्षक को आख्या देने को कहा है।

चित्रकूट जिले में इन दिनों माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन 112 विद्यालय चल रहे हैं। सर्वाधिक 65 वित्तविहीन विद्यालय हैं, जबकि 29 विद्यालय राजकीय व 16 अशासकीय मान्यता प्राप्त हैं। विद्यालयों में बच्चों को शिक्षा समेत खेल में हिस्सा लेने का नियम है। चुनिन्दा विद्यालयों को छोड दें तो ज्यादातर विद्यालयों में नाम मात्र को खेलकूद गतिविधियां होती हैं। शासन स्तर से आदेश मिलने पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर औपचारिकतायें पूरी की जाती हैं। बहुत सारे खेल प्रेमी बच्चे खेलकूद प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाते। इन हालातों को रोकने को विद्यालय में खेल प्रतियोगितायें होंगी। विद्यालयों में सकारात्मक माहौल बनाने के उद्देश्य से एक विद्यालय एक खेल योजना शुरू की गई है। योजना के तहत हर विद्यालय को एक ही प्रतियोगिता में बच्चों को निखारना होगा। विद्यालय

### प्रतिस्पर्धा से निखारेंगे क्षमता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** योजना के नोडल अधिकारी बनाये गये अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि खेल में बच्चों की स्थिति जानने को अन्तर्विद्यालयी व ब्लाक स्तर पर खेलकूद प्रतियोगितायें नियमित कराकर प्रतिस्पर्धा से आंकलन होगा। जिला व मंडल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में हिस्सा दिलाया जायेगा। मंडल स्तर पर विजेता खिलाडी को प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं में भेजा जायेगा।

ब्लाक व जिला स्तर से आयोजित प्रतियोगिता में बाल खिलाडियों को हिस्सा दिलाना होगा। खेलकूद का बेहतर माहौल तो बनेगा ही। ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। बाल खिलाडी एक खेल में बेहतर ढंग से पारंगत होकर किसी भी प्रतियोगिता में जीत दर्ज कर सकेगा।

### डीआईओएस ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि एक खेल एक विद्यालय योजना बाबत माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी कर पंजीयन कराने को कहा है। अब तक 16 अशासकीय मान्यता प्राप्त विद्यालय पंजीकरण करा चुके हैं। 29 राजकीय में से 27 ने पंजीयन करा लिया है। वित्तविहीन विद्यालयों की प्रगति धीमी है। जिन्हें जल्द पंजीयन कराने को कहा है। इस योजना में हर विद्यालय का अपना एक खेल होगा। कबड्डी, खो-खो, दौड, उंची कूद, लम्बी कूद, भाला फेंक, क्रिकेट, फुटबाल समेत तमाम अलग-अलग खेल चयनित कर टीम तैयार की जाएगी। इन खिलाडियों को जूते, कपड़े, भोजन व प्रतियोगिताओं में आवागमन को किराया भी दिया जाएगा।

## 26 निरीक्षक/दरोगा हुए इधर से उधर, दुर्गविजय सिंह बने मानिकपुर एसएचओ

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कानून व्यवस्था और चैकस करने की गरज से 26 निरीक्षक व दरोगाओं को इधर से उधर किया है। उन्होंने पुलिस हिरासत में मौत मामले में मानिकपुर थाना प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला के निलम्बन बाद दुर्गविजय सिंह को नया मानिकपुर थानाध्यक्ष बनाया है। रविवार को पुलिस अधीक्षक ने अभी तक एएचटीयू थाने में तैनात दुर्गविजय सिंह को मानिकपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। यहां निरीक्षक अपराध रहे प्रभुनाथ यादव को पुलिस लाइन भेजा है। निरीक्षक नरेश कुमार प्रजापति को पुलिस लाइन से निरीक्षक अपराध मानिकपुर बनाया है। निरीक्षक शिवमूरत यादव को प्रभारी निरीक्षक डायल 112 से प्रभारी एएचटीयू थाना भेजा है। निरीक्षक शम्भूदयाल मौर्य को चुनाव कार्यालय से प्रभारी निरीक्षक डायल 112 बनाया है। निरीक्षक अजीत कुमार पाण्डेय को पुलिस लाइन से अपराध शाखा विवेचना भेजा है। दरोगा गौरव तिवारी को चैकी सीतापुर से कोतवाली कर्वी, दरोगा अनिल कुमार गुप्ता कोतवाली कर्वी से चैकी प्रभारी सीतापुर बनाया है। दरोगा अनिल कुमार सिंह को चैकी प्रभारी गरीवा से डायल 112 प्रभारी दोपहिया बनाया है। दरोगा यदुवीर सिंह को चैकी प्रभारी सरैंया से चैकी प्रभारी गनीवा, दरोगा श्यामदेव सिंह को कोतवाली कर्वी से चैकी प्रभारी सरैंया, दरोगा प्रभुनाथ यादव को पुलिस लाइन से कोतवाली कर्वी का वरिष्ठ दरोगा।

## यूक्रेन के पूर्व सांसद की गोली मारकर हत्या




**कीव।** यूक्रेन की पूर्व सांसद इरीना फेरियन (60) की एक अज्ञात हमलावर द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। इरीना को यूक्रेनी भाषा को बढ़ावा देने के अपने अभियान के लिए जानी जाती हैं।

इरीना फेरियन पर शुक्रवार को पश्चिमी शहर ल्वीव में हमले में गंभीर रूप से घायल हो चुकी पूर्व सासंद की अस्पताल में मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि फिलहाल हमलावर की तलाश जारी है। हमलावर मौक से फरार हो गया था। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शनिवार को अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल पर कहा, सभी उपलब्ध निगरानी कैमरों की जांच की जा रही है और गवाहों से पूछताछ की जा रही है तथा कई जिलों का सर्वेक्षण किया जा रहा है। फेरियन 2012 से 2014 के बीच यूक्रेनी संसद की सदस्य रहीं और वे उन अभियानों के लिए सबसे अधिक जानी जाती थीं, जिनमें उन्होंने रूसी बोलने वाले यूक्रेनी अधिकारियों द्वारा यूक्रेनी भाषा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रयास किए थे। गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने शनिवार को जानकारी दी कि यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र में रूस द्वारा बुनियादी ढांचे पर किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने पुष्टि की है कि शुक्रवार को माइकोलाइव शहर पर रूसी हमले के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई। शहर के मेयर अलेक्सेंडर सिएनकेविच ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने सोशल मीडिया पर माइकोलाइव हमले के बारे में लिखा कहा कि एक मिसाइल अपार्टमेंट खंड के पास खेल मैदान में गिरा। उन्होंने कहा, रूस हर दिन अपने आतंक से साबित करता है कि दबाव काफी नहीं है। जीवन का यह विनाश रोका जाना चाहिए। हमें अपनी सुरक्षा के लिए नए समाधानों की आवश्यकता है। रूस को दुनिया की ताकत का एहसास होना चाहिए। यूक्रेन की वायुसेना ने शनिवार को कहा कि रूस ने रात में चार मिसाइल और 17 ड्रोन हमले किए, जिनमें से 13 ड्रोन मार गिराए गए।

## यमन में हूती विद्रोहियों के कई ठिकानों पर इजराइल ने किया हमला



**साना।** हूती विद्रोहियों द्वारा तेल अवीव शहर में किए घातक ड्रोन हमले के एक दिन बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिमी यमन में विद्रोही समूह के कई ठिकानों पर हमला किया। इजराइली सेना ने यह जानकारी दी। इजराइल-हमास के बीच अक्टूबर से युद्ध शुरू होने के बाद यह इजराइल द्वारा यमन की धरती पर किया गया पहला हमला प्रतीत होता है। इजराइली सेना ने बताया कि हूतियों के गढ़ माने जाने वाले पश्चिमी बंदरगाह शहर हुदयदाह में उसके कई ठिकानों पर हमला किया। उसने कहा कि हाल के महीनों में इजराइल पर किए गए सैंकड़ों हमलों के जवाब में यह कार्रवाई की गई है। हूती विद्रोही समूह के प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुलसलाम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्वयमन पर इजराइली हमला किया गया, जिसमें ईंधन भंडारण सुविधाओं और बिजली संयंत्रों को निशाना बनाया गया। अब्दुल सलाम ने कहा कि इजराइल इन हमलों से लोगों की पीड़ा को और बढ़ाना चाहता था। उसने कहा कि साथ ही यमन पर गाजा का समर्थन बंद करने का दबाव बनाने के लिए ये हमला किया गया। अब्दुल्सलाम ने कहा कि ये हमले यमन के लोगों और उसके सशस्त्र बलों को गाजा का समर्थन करने के लिए और अधिक मजबूत बनाएंगे। यमन में सुप्रीम पॉलिटिकल काउंसिल के मोहम्मद अली अल-हूती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ह्वइसके जवाब में कई घातक हमले किए जाएंगे। यमन में हूती विद्रोहियों द्वारा नियंत्रित मीडिया समूह अल-मसीराह टीवी ने बताया कि इजराइल ने बंदरगाह पर तेल और डीजल के भंडारण सुविधाओं और स्थानीय बिजली कंपनियों को निशाना बनाया है, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुई है और कई गंभीर रूप से झुलस गए हैं। इसने बताया कि इस हमले से बंदरगाह पर आग लग गई है और विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। यमन में स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि इजराइली हमले में कई लोग मारे गए और अन्य घायल हुए, लेकिन उन्होंने इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी।

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार 7वें बजट के साथ इतिहास रचने को तैयार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार, 23 जुलाई को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लगातार सातवां बजट संसद में पेश करके इतिहास रचने वाली हैं। इस तरह वह पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी। क्योंकि वे एक ही प्रधानमंत्री के साथ उनके तीसरे कार्यकाल में बतौर वित्त मंत्री लगातार सातवीं बार बजट पेश करने जा रही हैं। हालांकि, सबसे अधिक बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड अब भी देसाई के पास ही है क्योंकि उन्होंने दो प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल के दौरान बतौर वित्त मंत्री के रूप में 10 बार बजट पेश किया था। वित्त मंत्रालय ने रविवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मंगलवार, 23 जुलाई को केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा के पटल पर रखेंगी। सीतारमण अगले महीने 65 साल की हो जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 में केंद्र में लगातार दूसरी बार सरकार बनाने पर निर्मला सीतारमण को भारत की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री बनाया था।


**अखंड भारत संदेश**

**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।**

**सम्पादक**
**स्वामी श्री योगी सत्यम्**
**RNI No: UPHIN/2001/09025**

**ऑफिस मो.:**
**9565333000**

**Email:-**
**akhandbharatsandesh1@gmail.com**

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।**


# नेपाल में ओली सरकार ने जीता विश्वास मत



**काठमांडू।** नेपाल की ओली सरकार ने संसद के निचल सदन प्रतिनिधि सभा में रविवार को विश्वास मत हासिल कर लिया। ओली सरकार को 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 188 सदस्यों का समर्थन मिला है। विश्वास मत जीतने के बाद प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सभी सांसदों के प्रति आभार जताया।

प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान 263 सदस्य उपस्थित रहे। प्रस्ताव के पक्ष में 188 और विरोध में 74 मत पड़े। इसके पहले, प्रतिनिधि सभा का विशेष सत्र शुरू होते ही प्रधानमंत्री ओली ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया। ओली ने कहा कि देश में राजनीतिक स्थिरता लाने के उद्देश्य से दो बडे.दलों को एकसाथ आना पड़ा है। राजनीतिक स्थायित्व के बिना आर्थिक समृद्धि संभव नहीं है। पिछले कुछ सालों में राजनीतिक अस्थिरता के कारण देश की आर्थिक स्थिति डंवाडोल हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता देश की डगमगाती आर्थिक व्यवस्था को सुधारना है।

ओली सरकार को उनकी पार्टी सीपीएन (यूएमएल) के साथ-साथ नेपाली कांग्रेस, जनता समाजवादी पार्टी, जनमत पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी और नागरिक उन्मुक्ति पार्टी कुल 188 सांसदों का समर्थन मिला। विश्वास मत प्रस्ताव के विरोध में सीपीएन (एमसी), राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, एकीकृत समाजवादी पार्टी सहित कुछ छोटे दल और निर्दलीय सदस्यों ने मतदान किया।

# प्रधानमंत्री पद पर ओली की नियुक्ति का मामला नेपाल सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक बेंच को भेजने का फैसला




**काठमांडू।** प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की नियुक्ति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को न्यायाधीश ने संवैधानिक बेंच में भेजने का फैसला किया है। न्यायाधीश ने इस मामले पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि संविधान की धारा की गम्भीरता के साथ व्याख्या करने की आवश्यकता है।

निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड की तरफ से दायर रिट पर सुनवाई होने के बाद न्यायाधीश बालकृष्ण ढकाल ने इस पर आखिरी फैसला के लिए रिट को संवैधानिक बेंच में भेजने को कहा है। प्रधानमंत्री ओली की नियुक्ति और शपथग्रहण को अवैध ठहराते हुए यह रिट दायर की गई है। सरकार का गठन करने के लिए राष्ट्रपति की तरफ से संविधान की जिस धारा का प्रयोग किया गया है, उसे ही याचिका में अवैध ठहराया गया है। निवर्तमान प्रधानमंत्री का भी संविधान की धारा 76(2) के तहत चयन किया गया था। याचिका में सहयोगी दलों की तरफ से समर्थन वापस लेने के बाद संविधान की अगली धारा यानि 76(3) के तहत सबसे बड़े दल के नेता को प्रधानमंत्री के पद पर नियुक्त करने की मांग की गई है। इस समय प्रधानमंत्री ओली संविधान की धारा 76(2) के तहत ही प्रधानमंत्री बने हैं, जिनकी नियुक्ति को चुनौती दी गई है। इस याचिका में राष्ट्रपति कार्यालय और प्रधानमंत्री केपी ओली को विपक्षी बनाया गया है।

# बांग्लादेश छोड़ने वाले नेपाली नागरिकों की संख्या हजार से ऊपर, भारत होकर नेपाल पहुंचने वालों की संख्या अधिक




**काठमांडू।** बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन के कारण जनजीवन अस्तव्यस्त होने के बाद देश छोड़ने वाले नेपाली छात्रों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। वापस आने वालों में ढाका सहित बांग्लादेश के कई प्रमुख शहरों में मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्रों की संख्या अधिक है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने रविवार सुबह तक करीब एक हजार से अधिक छात्रों के सुरक्षित नेपाल वापसी की जानकारी दी है। मंत्रालय का कहना है हवाई मार्ग से अधिक भारत के रास्ते सिलीगुड़ी होते हुए नेपाल आने वीले छात्रों की संख्या अधिक है।

बांग्लादेश में हिंसक प्रदर्शन शुरू होने के साथ ही विदेश मंत्री डॉ. आरजू राणा देउवा खुद इन पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रालय में एक अलग डेस्क बनाकर बांग्लादेश में रह रहे अपने नागरिकों की सहायता के लिए चौबीस घंटे के हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। विदेश मंत्री देउवा ने बताया कि बांग्लादेश में रहे नेपाली दूतावास वहां से हमारे छात्रों को सुरक्षित निकालने के लिए सभी उपाय कर रहा है। लगातार सूचना देकर सभी छात्रों को दूतावास से संपर्क करने को कहा गया है। विदेश मंत्री के मुताबिक विशेष विमान भेज कर छात्रों को लाने का प्रयास भी चल रहा है।

इधर, नेपाल में अभिभावकों को भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा कर बांग्लादेश में रहे उनके बच्चों की जानकारी देने को कहा गया है। इसके लिए विदेश मंत्रालय में सहसचिव के नेतृत्व में हेल्प डेस्क बनाया गया है जिसमें नेपाली अभिभावकों से संपर्क कर छात्रों को वापस लाने की पहल की जा रही है जो ढाका या अन्य स्थानों पर फंसे हुए हैं। विदेश मत्रालय के प्रवक्ता अमृत राई ने कहा कि सड़क मार्ग से भारत होते हुए नेपाल आने वाले छात्रों की सुविधा के लिए भारतीय दूतावास के जरिए भारत के गृह मंत्रालय से भी समन्वय किया जा रहा है।

## बांग्लादेशः कर्फ्यू के बावजूद थम नहीं रही हिंसा, आरक्षण विरोधी आंदोलन में अबतक 114 की मौत

**ढाका।** व्यापक स्तर पर कर्फ्यू और सख्त प्रावधानों के बावजूद बांग्लादेश में जारी आरक्षण विरोधी आंदोलन की आग फैलती जा रही है। हालत यह है कि राजधानी ढाका में शनिवार को हुए हिंसक टकराव में 10 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 90 लोग घायल हो गए। मरने वालों में दो पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

देश की राजधानी सहित अलग-अलग हिस्सों में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान व्यापक स्तर पर हिंसक घटनाओं को देखते हुए शनिवार को पुलिस ने राजधानी के कई हिस्सों में सख्त कर्फ्यू लगा दिया। पुलिस को उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने का आदेश दिया गया है। इसके बावजूद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही।

बांग्लादेश में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान मंगलवार से शुरू हुई हिंसा में अबतक करीब 114 लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार बिगड़ती हालत के बाद सरकार ने शुक्रवार आधी रात से कर्फ्यू घोषित कर दिया और देशभर में सेना की तैनाती की। प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार ने रविवार और सोमवार को सार्वजनिक अवकाश घोषित कर दिया और केवल आपातकालीन सेवाओं के संचालन की अनुमति दी गई। इससे पहले बुधवार से सभी तरह के शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए थे। उल्लेखनीय है कि सरकारी नौकरियों में कोटा के खिलाफ छात्रों के गुस्से के बाद देशभर में अशांति फैल गई। पाकिस्तान से आजादी के लिए लड़ने वालों के परिवारों के लिए 30 फीसदी आरक्षण को लेकर यह विरोध हो रहा है। हसीना सरकार ने 2018 में कोटा प्रणाली को खत्म कर दिया था, लेकिन पिछले महीने एक अदालत ने इसे फिर से लागू कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार की अपील के बाद इस फैसले को निलंबित कर दिया और 7 अगस्त को होने वाली सुनवाई को आगे बढ़ाने पर सहमति जताते हुए रविवार को मामले की सुनवाई करेगा।

## डोनाल्ड ट्रंप ने जेलेंस्की से रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने का किया वादा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से फोन पर बात कर रूस-यूक्रेन युद्ध रुकवाने का वादा किया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से फोन पर बात हुई। उन्होंने मुझे बेहद सफल रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन और अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने पर बधाई दी।

यह कॉल इसलिए महत्व रखती है, क्योंकि आधिकारिक तौर पर रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बनने के बाद किसी विदेशी नेता के साथ यह उनकी पहली बातचीत है। यह पांच नवंबर के चुनावों में उनकी जीत की संभावनाओं के बारे में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच बढ़ती जागरूकता को भी दशार्ता है।

ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि मैं अमेरिका के आपके अगले राष्ट्रपति के रूप में दुनिया में शांति लाऊंगा और उस युद्ध को खत्म करूंगा, जिसने इतने सारे लोगों की जान ले ली है। अनगिनत निर्दोष परिवारों को तबाह कर दिया है। दोनों पक्ष एक साथ आ सकेंगे और एक समझौते पर बातचीत कर सकेंगे, जो हिंसा को समाप्त करेगा और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगा। वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बातचीत के दौरान ट्रंप पर हाल में हुए हमले की भी निंदा की।

## पाकिस्तानी एजेंसियों ने इमरान की पार्टी पर ढाया कहर, पीटीआई के चार सदस्यों का किया अपहरण



**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पर गुप्तचर एजेंसियों ने नया कहर ढाया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) की मीडिया शाखा के चार सदस्यों को गुप्तचर एजेंसियों ने शनिवार को हिरासत में ले लिया। पीटीआइ ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर अहमद जांजुआ और इंटरनेट मीडिया टीम के अन्य तीन सदस्यों का शनिवार सुबह अपहरण कर लिया गया। पीटीआइ द्वारा जारी सीसीटीवी फुटेज में जांजुआ को सादे कपड़े में आए लोगों द्वारा हिरासत में लेते देखा गया है। पीटीआइ ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में पार्टी इंटरनेट मीडिया टीम पर कड़ा प्रहार किया गया है।

पीटीआइ ने उच्चतर न्यायपालिका से प्रधानमंत्री शहबाज सरकार को मीडिया शाखा के लापता लोगों को रिहा करने का आदेश देने का आग्रह किया है। पीटीआइ ने पुलिस या गुप्तचर एजेंसियों द्वारा अपहृत किए गए अपनी मीडिया टीम और उनके करीबी रिश्तेदारों के नाम जारी किए हैं।

# त्रिशुली नदी में लापता बस और यात्रियों को खोजने के लिए नेपाल पहुंची भारतीय एनडीआरएफ टीम

### *अत्याधुनिक उपकरणों के साथ एनडीआरएफ ने शुरू किया रेस्क्यू में ऑपरेशन*

**काठमांडू।** नेपाल की त्रिशुली नदी में 10 दिन पूर्व गिरी दो यात्री बसों और उसमें सवार यात्रियों को ढूंढने के लिए भारत की नेशनल डिजास्टर रेस्पांस फोर्स (एनडीआरएफ) टीम नेपाल पहुंच गई है और रविवार सुबह से रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाल ली है। एनडीआरएफ ने चितवन के सिमलताल में त्रिवेणी नदी के दुर्घटनास्थल से अपने रेस्क्यू ऑपरेशन की शुरूआत की है। रविवार की सुबह तक दोनों बसों में सवार 65 यात्रियों में से अब तक 25 यात्रियों का शव बरामद किये जा चुके हैं, जिसमें 17 शवों की पहचान हुई है।



एनडीआरएफ के अधिकारी कुणाल तिवारी के नेतृत्व में 12 सदस्यों की टोली शनिवार को ही दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में पहुंची थी। नेपाल के सशस्त्र प्रहरी बल के साथ मिल कर एनडीआरएफ की टीम नदी के उस क्षेत्र में भी जाने की योजना बना रही है, जो अत्यधिक गहरा और जोखिमयुक्त है। एनडीआरएफ का नेतृत्व कर रहे कमांडिंग ऑफिसर कुणाल तिवारी ने कहा कि नेपाल के गोताखोरों के साथ एनडीआरएफ की गोताखोर की टीम अत्याधुनिक तकनीक के जरिए आज से बसों और लापता यात्रियों के बारे में पता लगाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि गहरे पानी में डूबी वस्तुओं और शवों का पता लगाने वाली कुछ अत्याधुनिक मशीने भी वो अपने साथ लेकर आए हैं, जिससे यहां रेस्क्यू करने में काफी मदद मिलेगी।

चितवन के प्रमुख जिलाधिकारी इन्द्रदेव यादव ने कहा कि नेपाल के पास रहे वाटर ड्रोन और सोनार कैमरे से बसों का पता नहीं लग पाया है, लेकिन एनडीआरएफ की टीम के पास एडवांस लेवल के सोनार कैमरे और वाटर ड्रोन के साथ अत्याधुनिक सेंसर मशीनें भी हैं, जिससे शवों के गहरे पानी में पता लगाया जा सकता है। प्रमुख जिलाधिकारी यादव ने उम्मीद जताई है कि अगले एक हफ्ते तक एनडीआरएफ की टीम को बसों के बारे में कोई ना कोई सुराग अवश्य मिल जाएगा।

नेपाल की तरफ से रेस्क्यू ऑपरेशन की कमान संभाल रहे एपीएफ के डीआईजी पुरुषोत्तम थापा ने बताया कि भारत से आई एनडीआरएफ की टीम के पास बहुत तेज बराव वाले नदियों में रेस्क्यू अपरेशन करने का काफी अनुभव है। इसके अलावा बाढ़ के कारण मिट्टी की अधिकता वाले पानी में भी भारतीय एनडीआरएफ की टीम के आने से काफी उम्मीद है कि बसों का सुराग और बाकी बचे लापता यात्रियों के बारे में पता लगाया जा सकेगा।

रविवार की सुबह तक दोनों बसों में सवार 65 यात्रियों में से अब तक 25 यात्रियों का शव बरामद किये जा चुके हैं। प्रमुख जिलाधिकारी की तरफ से जारी सूची में अब तक 17 शवों की पहचान होने की बात कही गई है। 40 शवों को ढूंढने का काम किया जा रहा है। अब तक बरामद शवों में एक उस बस का चालक भी है, जो बीरगंज से काठमांडू की तरफ आ रही थी।